हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 28.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 271 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

हेमन्त सोरेन ने प्रस्तावित दिशोम गुरु शिबू सोरेन आवासीय विद्यालय के निर्माण को लेकर की बैठक

उत्कृष्ट विद्यालय के अनुरूप हो संचालन : मुख्यमंत्री

- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता
- जैप-10 होटवार में संचालित होने वाले अस्पताल पर हुई चर्चा
- आवासीय विद्यालय परिसर के निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर लिया गया है तथा जमीन चिन्हितिकरण का कार्य प्रगति पर है

सभी सुविधाएं बेहतर हों यह सुनिश्चित करें : हेमन्त

रांची : मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन आवासीय विद्यालय का संचालन उत्कृष्ट विद्यालय के अनुरूप हो यह सुनिश्चित की जाए। स्कूल परिसर की सभी सुविधाएं आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। कक्षा 6 से 12 तक में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर रेजिडेंशियल सुविधा प्रदान की जाए। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल्स के साथ-साथ पठन-पाठन की सभी सुविधाएं उच्चस्तरीय हों यह सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने प्रस्तावित दिशोम गुरु शिबू सोरेन आवासीय विद्यालय परिसर के निर्माण से संबंधित प्रजेंटेशन रखा तथा कार्य योजना की विस्तृत जानकारी से उन्हें अवगत कराया।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों के साथ जगुआर कैंपस, रिंग रोड रांची में प्रस्तावित दिशोम गुरु शिबू सोरेन आवासीय विद्यालय परिसर के निर्माण को लेकर बैठक की। मौके पर मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने प्रस्तावित स्कूल निर्माण से संबंधित बिंदुओं पर पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से योजना की रूपरेखा, निर्माण कार्य, उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं एवं भविष्य की कार्य योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित दिशोम गुरु शिबू सोरेन आवासीय विद्यालय परिसर के निर्माण कार्य के लिए जगुआर कैंपस में ही जल्द से जल्द भूमि चिन्हितिकरण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रस्तावित दिशोम गुरु शिबू सोरेन आवासीय विद्यालय परिसर के निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर लिया गया है तथा जमीन चिन्हितिकरण का कार्य प्रगति पर है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि स्कूल निर्माण से जुड़े सभी कार्य जल्द से जल्द पूरा कर ससमय विद्यालय की स्थापना करें तथा स्कूल में कक्षाएं संचालित हो इस निमित्त पूरी तत्परता के साथ बेहतर कार्ययोजना बनाते हुए योजना को मूर्त रूप दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कर्तव्य के दौरान शहीद हुए पुलिस कर्मी सहित आर्मी एवं सीपीएमएफ में कार्यरत जवानों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित स्कूल के संदर्भ में क्वालिटी एजुकेशन, आधुनिक संसाधनों एवं बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी, आईसीटी लैब, प्ले ग्राउंड, एवं खेलकूद की अन्य सुविधाओं सहित अन्य फैसिलिटीज की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच पुलिस परिवारों के लिए जैप-10 होटवार, रांची में प्रस्तावित अस्पताल के संचालन पर चर्चा हुई। मौके पर मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि यह अस्पताल पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर संचालित की जाएगी। प्रारंभिक चरण में यह अस्पताल 50 शैय्या वाला होगा। आवश्यकता के अनुरूप अपग्रेड करते हुए अस्पताल में बेड की 100 तक की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि यहां इलाज कराने पहुंचे पुलिस परिवार के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ की जा सके। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग अजय कुमार सिंह, डीजीपी तदाशा मिश्रा, सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग उमाशंकर सिंह, एडीजी मुख्यालय-सह-सीआईडी मनोज कौशिक, डीआईजी जगुआर अनूप बिरथरे, डीआईजी बजट संध्या रानी मेहता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बंगाल में थमा अंतिम चरण का प्रचार

मुख्यमंत्री ममता सहित कई हैवीवेट नेताओं के भाग्य का फैसला कल

एजेंसी

कोलकाता : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए सोमवार शाम प्रचार थम गया। अब सभी की निगाहें 29 अप्रैल को होने वाले मतदान पर टिकी हैं। दूसरे चरण का मतदान राज्य का राजनीतिक भविष्य तय करने वाला माना जा रहा है, क्योंकि इसमें दक्षिण बंगाल के उस 'कोर बेल्ट' की सीटें शामिल हैं जिसे लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, दूसरे चरण का मतदान पूर्वी बर्दवान, हावड़ा, हुगली, कोलकाता, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और नादिया में होगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, दूसरे चरण के लिये 1463 नामांकन प्राप्त हुए। इनमें 15 लोगों का नामांकन रद्द कर दिया गया है। दक्षिण 24 परगना के भांगड़ विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 19 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं जबकि सबसे कम पांच उम्मीदवार हुगली की गोघाट (एससी) सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस चरण में 8 जिलों के कुल 3,21,73,837 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 1,64,35,627 पुरुष तथा 1,57,37,418 महिला मतदाताओं के अलावा 792 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। सबसे चर्चित मुकाबला कोलकाता की भवानीपुर विधानसभा सीट पर है, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी आमने-सामने हैं। वर्ष 2021 के चुनाव में नंदीग्राम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ था, जिसमें शुभेंदु अधिकारी ने जीत दर्ज की थी। इस बार भवानीपुर में करीब 6.79 लाख मतदाता अपने वोट से इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले का फैसला करेंगे।

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर, 100 फीसदी भारतीय निर्यात टैक्स-फ्री

नयी दिल्ली : भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के मकसद से मुक्त व्यापार समझौता पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। पीयूष गोयल ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत और न्यूजीलैंड ने आज एक मुक्त व्यापार समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। इस समझौते पर न्यूजीलैंड के दौरे पर आए व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। यह एफटीए भारत के 100 फीसदी निर्यात को न्यूजीलैंड में शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। इसमें सभी टैरिफ लाइन यानी उत्पाद श्रेणियां शामिल हैं। इससे वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और रोजगार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्काघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

PR- 378577 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्च्च से लू प्रभावित व्यक्ति को देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-

- नमक-चीनी का घोल
- छाछ
- नींबू-पानी
- आम का शर्बत
- लस्सी
- तरबूज
- खरबूजा
- खीरा
- ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

झारखण्ड सरकार 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

'गो सम्मान आह्वान अभियान' को लेकर निकली पदयात्रा, उपायुक्त को सौंपा गया हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : देशव्यापी 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत सोमवार को हजारीबाग में एक व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली। अभियान के अंतर्गत करोड़ों हस्ताक्षरों से युक्त प्रार्थना पत्र को देशभर के विभिन्न प्रखंड एवं तहसील कार्यालयों में सौंपे जाने के क्रम में हजारीबाग में भी एक पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नया बस स्टैंड, ग्वाल टोली चौक श्री हरि हनुमान मंदिर से सैकड़ों गोभक्तों ने पदयात्रा प्रारंभ की। यह भजन कीर्तन, ढोलक बजाते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सदर अंचल कार्यालय पहुंची, जहां

उपायुक्त हेमंत सती की उपस्थिति में प्रतिनिधिमंडल ने अंचल पदाधिकारी, सदर को लगभग सात हजार हस्ताक्षरों से युक्त प्रार्थना पत्र सौंपा। यह ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम संबोधित है। कार्यक्रम के दौरान वार्ता के क्रम में गोभक्तों ने अपनी चार प्रमुख मांगों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। इनमें गौमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देने, देशभर में गोवंश की हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, 'गो सेवा मंत्रालय' के गठन तथा संपूर्ण भारत में एक प्रभावी 'गो चारा नीति' लागू करने की मांग शामिल है। इस अभियान में भाजपा प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, हिन्दू धर्म प्रचारक अमन कुमार, गोरक्षक प्रो. दशरथ यादव, मनोज यादव, बबलू यादव, जीतू यादव, अरुण यादव, साहिल सिंह, विकास यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं गोभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इसे केवल एक धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना से जुड़ा अभियान बताया। आयोजकों के अनुसार, इस तरह के अभियानों का उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना और नीति-निमार्ताओं का ध्यान गोसंरक्षण से जुड़े मुद्दों की ओर आकर्षित करना है। हजारीबाग में आयोजित यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें जनसहभागिता उल्लेखनीय रही।

पंचायत कर्मियों को एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड में आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पंचायत भवन बड़कागांव पश्चिम में एनडीआरएफ हजारीबाग की टीम द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी देना था। एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने बाढ़, आगजनी, सड़क दुर्घटना और भवन ध्वस्त होने जैसी घटनाओं के दौरान लोगों की सुरक्षा, प्राथमिक उपचार और बचाव के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बड़कागांव बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल मुख्य रूप से उपस्थित

रहे। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों और कर्मियों का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में तुरंत और प्रभावी राहत कार्य शुरू किया जा सके। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को आम लोगों तक पहुंचाएं, ताकि समाज भी जागरूक हो सके। मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक आशीष पासवान मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, तकरीमुलाह खान, सुलेखा कुमारी, दीपक दास, मजहर मलिक, इलियास अंसारी, के अलावा अंचल के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करे केन्द्र सरकार : गोविंद राम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : गौ सम्मान आह्वान अभियान के पहले चरण में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम से प्रखंड विकास पदाधिकारी बरही जयपाल महतो को को समाज सेवी सह कोडरमा जिला गो सेवा प्रमुख गोविंद राम के नेतृत्व में एक मांग पत्र सौंपा गया। इस मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने ने सरकार से गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गौ आधारित कृषि और चिकित्सा को बढ़ावा देने, गौवंश रक्षण एवं संवर्धन के लिए सशक्त कानून बनाने, अलग से मंत्रालय गठित करने, गौसेवा आयोग गठित करने के साथ साथ गौपालकों के विकास के लिए योजना वद्ध तरीके से अनुदान की मांग की है। साथ ही गौहत्या कि स्थिति में स्पीड

गौ सम्मान आह्वान अभियान का हुआ शंखनाद, कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

ट्रायल कर फैसला सुनाने तथा गौहत्यारों को फांसी देने की मांग की है। इसके अलावा गौ आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने तथा गव्य विकास के लिए समाज को प्रशिक्षित करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा समुचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में समाज पुनः जागरण का कार्य करते हुए जुलाई महीने में पुनः आंदोलन करेगा। मांग पत्र सौंपने वालों में गोविंद राम, इन्द्रदेव प्रसाद गुप्ता, कुन्दन कुमार, मुनिया देवी, मनोज कुमार, दिनेश साव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इंडियन एंथम पब्लिक स्कूल की खुशब ने 93.80% से बनी प्रखंड टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : बरही प्रखंड के बरसोत पंचायत में संचालित इंडियन एंथम पब्लिक स्कूल श्रीनगर की छात्राओं ने इस वर्ष जैक दसवीं कक्षा की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और पूरे बरही पदमा प्रखंड का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा खुशबू कुमारी ने 93.80% अंक प्राप्त कर बरही-पदमा प्रखंड में द्वितीय स्थान हासिल किया है। उन्होंने द्वितीय प्रखंड टॉपर बनी। जबकि प्रीति कुमारी ने 92.60% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय की अन्य छात्राओं में शिवानी कुमारी ने 90.60% अंक प्राप्त कर तीसरा

स्थान, सुरुचि कुमारी ने 89.60% अंक के साथ चौथा स्थान एवं रानू कुशवाहा ने 87% अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा गुरुवार को घोषित मैट्रिक परीक्षा परिणाम में इंडियन एंथम पब्लिक स्कूल, श्रीनगर का शत-प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक सुधाकर यादव ने कहा कि उनका विद्यालय सीमित संसाधन के बावजूद पिछले 10 वर्षों से भी अधिक समय से जैक बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करते आया है। इस विद्यालय की विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय टॉप टेन भी अपना स्थान बनाकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर चुके है। हम सब क्वालिटी एजुकेशन पर जोर देते है। परीक्षा परिणाम ही विद्यालय की काबिलियत को प्रमाणित करता है।

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में अरुण से प्रभात कक्षा तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे, प्रभारी राजू कुमार एवं अभिभावक अरुण कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नागेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत एवं परिचय का कार्य राखी पांडे ने किया। इसके बाद प्रधानाचार्य ने गोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य आचार्य-अभिभावक संवाद को मजबूत करना, बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना, क्रिया एवं खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा भारतीय संस्कृति के साथ परिवार की भागीदारी को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चे सहज वातावरण में बेहतर ढंग से शिक्षा ग्रहण करते हैं। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों को विभिन्न गतिविधियों

जैसे ठप्पा कार्य, मोती पिरोना, खेल एवं अपने बच्चों की पहचान से जुड़े अभ्यासों के माध्यम से नई शिक्षा पद्धति की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि विद्यालय में जिस प्रकार से पठन-पाठन हो रहा है, उसी प्रकार घर पर भी बच्चों को सहयोग दिया जाना चाहिए। शिशु वाटिका योजना एवं सुवर्णप्राशन के विषय पर आचार्या रश्मि ने विस्तार से जानकारी देते हुए शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं के बारे में बताया और कहा कि इन व्यवस्थाओं के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास होता है। उन्होंने सुवर्णप्राशन को बच्चों के विकास के लिए आवश्यक बताते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों की भाषा को शुद्ध बनाने के लिए अभिभावकों को भी नियमित अभ्यास करने की सलाह दी गई।

मुकुंदगंज की भारतीय वायु सैनिक की सड़क दुर्घटना में मौत

हजारीबाग : हजारीबाग की माटी के लाल, मुकुंदगंज निवासी एवं भारतीय वायु सेना के जांबाज जवान श दीपक कुमार जी के सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने गहरा दुख व्यक्त किया है। कहा कि निधन का समाचार अत्यंत मर्माहत, स्तब्धकारी और हृदयविदारक है। मां भारती की सेवा में समर्पित एक वीर सपूत का इस प्रकार असमय चले जाना पूरे हजारीबाग एवं राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा को सदैव सम्मान के साथ याद किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके एक साथी भी घायल हुए हैं।

केरेडारी में बाइक सवार दंपती पर ताबड़तोड़ फायरिंग, पत्नी की मौत, पति घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

केरेडारी : केरेडारी प्रखंड पिपरवार थाना और केरेडारी थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर देर शाम एक सनसनीखेज गोलीकांड में बाइक सवार को अज्ञात अपराधियों ने निशाना बनाया। इस हमले में मंजू देवी की गोली मारकर का घाट उतार दिया, जबकि उनके पति विकास प्रजापति घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी राय बस्ती निवासी विकास प्रजापति अपनी पत्नी मंजू देवी के साथ मोटरसाइकिल से रामगढ़ से कुछ समान खरीदारी कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान खलारी-पतरातू मुख्य मार्ग पर कोल स्टेशन के समीप पुलिया के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में

विकास प्रजापति की बायीं बांह में गोली लगी, जबकि मंजू देवी को सिर में गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल बचरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, विकास प्रजापति का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही केरेडारी थाना के हेंदेगीर पिकेट पुलिस और पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से दो खाली खोखा सहित कुछ सामान बरामद किया है और मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। इधर, अस्पताल परिसर में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और लोगों में आक्रोश का माहौल देखा गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है। इस वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। फिलहाल घटना के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। एक और बात सामने आया है मृतक मंजू देवी के मायके वालों को कहना है कि कोई और नहीं गोली मारा है मंजू देवी के पति विकास प्रजापति ने रणनीति करके मंजू देवी की मौत के घाट उतार दिया है इसी मौके पर केदारी थाना में एक लिखित आवेदन दिया है कि इस पर कड़ी संज्ञान लेते हुए दोसीवार व्यक्तियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाए मृतक मंजू देवी को विकास प्रजापति के साथ 2020 में समाज रीतिरिवाज से किया गया था लेकिन लेकिन कुछ ही दिनों बाद मंजू देवी के पति विकास प्रजापति एवं विकास प्रजापति के माता-पिता दहेज प्रथा को लेकर प्रताड़ित बार-बार करते थे।

एक नजर

कोल्हुआ कला मुखिया के पुत्र अरविंद की ट्रेन से कटकर से हुई मौत

बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव के होनहार पुत्र अरविंद कुमार यादव की दर्दनाक मौत ड्यूटी के दौरान ट्रेन के चपेट में आने से हो गई। मृतक लातेहार अंतर्गत टोरी चंदवा होल्ट में रेलवे में मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। बीते रात्रि ड्यूटी के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अरविंद के असामयिक निधन से पंचायत को अपूरणीय क्षति हुई है। वहीं उनके निधन पर विधायक मनोज कुमार यादव, जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, सांसद प्रतिनिधि मणिलाल यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, पंसस प्रभु यादव, स्थानीय पंसस प्रतिनिधि बिनोद यादव, समाजसेवी केदार यादव, मनोज यादव, समाजसेवी डीलो पासवन, अशोक दास, उपमुखिया प्रतिनिधि राजेश यादव, मूलचंद यादव, लखन यादव, अशोक राम, दिनेश चंद्रवंशी एवं रूपेश चंद्रवंशी , राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के कृष्णा प्रजापति , आत्मानंद कुमार पांडेय, भरत यादव, कपिल केशरी, बिपिन बिहारी पांडेय, राजकुमार यादव, ब्रह्मदेव यादव। गोपाल पंडित। घनश्याम यादव, कमल शंकर पंडित समेत समस्त पंचायत के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केन्द्र सरकार की मंशा ठीक नही : निसार खान

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष निसार खान ने महिला आरक्षण विधेयक पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केन्द्र सरकार की मंशा ठीक नही है । उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर पूरा विपक्ष एकजुट है और वर्ष 2023 में सर्वसम्मति से पारित विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए । उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में संविधान विधेयक के गिरने से परिसीमन को लेकर केन्द्र सरकार की साजिश विफल हो गई है जो लोकतंत्र और संविधान की जीत है। खान ने कहा कि केन्द्र सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन लागू करना चाहती थी, जिससे बिना जातीय आकड़ों को मनमाने ढंग से राजनीतिक लाभ उठाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के नाम पर केन्द्र सरकार विपक्ष को भ्रमित कर राजनीतिक फायदा उठाना चाहती है।

डीसी ने चार प्रखंड कार्यालयों का किया निरीक्षण

लातेहार: लातेहार डीसी संदीप कुमार ने सोमवार को जिले के चार प्रखंड कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने उच्च विद्यालय उदयपुरा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर उदयपुरा, बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्रखंड कार्यालय तथा बरियातू व हेरहंज प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। उच्च विद्यालय उदयपुरा के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने वहां की शैक्षणिक व्यवस्था, साफ-सफाई व बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। डीसी ने स्कूल में छात्रों की उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा की और शिक्षकों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुशासन व समयबद्धता बनाए रखने पर भी जोर दिया।

संक्षिप्त खबरें

स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा राज्य स्तरीय क्रिकेट चयन ट्रायल की घोषणा

हजारीबाग : स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतिभाओं की खोज हेतु चयन ट्रायल आयोजित करने की घोषणा की गई है। एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किशोरी राणा एवं सचिव राशिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रायल झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत गाँधी मैदान में दिनांक 30 अप्रैल 2026, बृहस्पतिवार को शाम 3 :00 बजे से आयोजित किया जाएगा। यह चयन ट्रायल जयपुर में 6 मई से 9 मई 2026 तक आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल चैंपियनशिप अंडर-17 के लिए किया जा रहा है। यह झारखंड के उभरते खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर होगा। इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड तथा अपना क्रिकेट किट अनिवार्य रूप से लेकर आना होगा। एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किशोरी राणा एवं सचिव राशिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निष्पक्ष होगी, जिसमें योग्य एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर दिया जाएगा। ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों से अपील की है कि इस चयन प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें, ताकि झारखंड की नई क्रिकेट प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिल सके। उन्होंने अधिक जानकारी के लिए 9939288155 एवं 9229693307 पर संपर्क करने की अपील की है।

बड़कागांव में 12 घंटा बिजली रहा गुम, रात भर रहे लोग परेशान



बड़कागांव : रविवार रात 10 :00 बजे हरहद जंगल में बिजली इंसुलेटर फट जाने के कारण बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड में तकरीबन 12 घंटे तक बिजली बंद रहा। बिजली नहीं रहने के कारण पखें ,कूलर एसी बंद रहे जिसके कारण लोग गर्मी से परेशान नजर आए और लोगों की नींद हराम हो गई। बिजली कर्मियों के द्वारा मरम्मती के पश्चात सोमवार सुबह तकरीबन 10 बजे बिजली बहाल हुई। बताते चलें कि इन दिनों भारी गर्मी पड़ रही है, जिस अनुपात में बड़कागांव को बिजली मिलनी चाहिए वह मिल नहीं पा रही है। बार-बार लोड सेटिंग से ग्रामीण परेशान है । बड़कागांव प्रखंड में कई जगह जर्जर बिजली केबल लटक रहे हैं ,नए केवल तार लगाने की जरूरत है। रेंज ऑफिस स्थित नेहा जनरल स्टोर एवं बड़कागांव मुख्य चौक के पास केबल एवं तार जर्जर होने के कारण जान माल की आशंका बढ़ गई है। उक्त संबंध में पिछले 6 माह से बिजली विभाग से कई बार शिकायतें की गई परंतु अब तक समाधान नहीं हो पाया।

प्रखंड सभागार भवन में जनगणना 2027 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड सभागार भवन में जनगणना 2027 का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से प्रारंभ हो गया। इस प्रशिक्षण में 92 प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ जनगणना चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के अभिवादन भाषण के साथ हुआ। प्रशिक्षक के रूप में देवकांत शर्मा, दीपक कुमार राणा, इजहार अली अंसारी एवं रवि शंकर पाठक को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मकान सूचीकरण के साथ-साथ जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रकार के धाराओं, उपधाराओं, भवन का प्रकार,जनगणना मकान, सामान्य परिवार, संस्थागत परिवार एवं बेघर परिवार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण को सफल बनाने में सहायक चार्ज पदाधिकारी इंदु शेखर प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से चेतलाल राम, शमशेर आलम, रामजी प्रसाद सिंह,कमलेश कुमार श्रीवास्तव ,हेमेंद्र कुमार ,राजू कुमार, देवेंद्र कुमार,संजय राम ,चंद्रमती वर्मा, संतोषी कुमारी, निधि सिन्हा, निगर सुलताना,शोभा देवी ,कार्तिक कुमार सोनी, अशोक साहू, नागेंद्र कुमार, रजनी कुमारी आदि दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हुए।

थाना प्रभारी ने बैंकर्स, पेट्रोल पंप संचालक एवं ज्वेलर्स दुकानदारों के साथ की बैठक

बड़कागांव : बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित बैंक, पेट्रोल पंप एवं ज्वेलर्स दुकानदारों के साथ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के संचालन में बड़कागांव थाना परिसर में विशेष बैठक की गई। बैठक में बैंकर्स पेट्रोल पंप एवं ज्वेलर्स दुकानदारों ने थाना प्रभारी के पास अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिस पर थाना प्रभारी ने पूर्ण रूप से सहयोग करने की आश्वासन दिया और निरंतर पुलिस गश्ती करने की बात कही। विधि व्यवस्था में किसी प्रकार कोई कोताहि नहीं बरती जाएगी। थाना प्रभारी ने सुरक्षा को लेकर सभी बैंकर्स, पेट्रोल पंप संचालक, ज्वेलर्स दुकानदारों को अपने-अपने संस्थान में सीसीटीवी कैमरा लगाने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि किसी प्रकार अगर आपको किसी तरह की परेशानी नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते त्वरित कार्रवाई की जा सके। बैठक में मुख्य रूप से बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह,पुअनी राकेश खवास, अभिषेक कुमार, रामराज सिंह, सुदेश कुमार सहित थाना अंतर्गत के इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंधक विकास कुमार व अन्य उपस्थित थे।

स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यों का डिजिटलाइजेशन डेटा बेस तैयार करें : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार झारखंड मंत्रालय में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित किए जा रहे योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग तथा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से जो कार्य किए जा रहे हैं उनका डिजिटलाइजेशन डेटा बेस तैयार करें। स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग हो यह सुनिश्चित की जाए। मौके पर मुख्यमंत्री ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा एनजीओ के माध्यम से संचालित मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य के तहत बाल गृहों का संचालन, ओल्ड एज होम के संचालन सहित कई अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति के तहत सखी निवास संचालन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर कामकाजी महिलाओं (वर्किंग वुमन) से संबंधित एक डेटा बेस शीघ्र तैयार कर विभाग को समर्पित की जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सखी निवास योजना के माध्यम से छात्रावास में रहने वाली कामकाजी महिलाओं को डे केयर की सुविधाओं के साथ सुरक्षित और सुविधाजनक आवास की उपलब्धता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने शक्ति सदन योजना की समीक्षा करते हुए इसके संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शक्ति सदन जैसी योजनाओं के संचालन हेतु स्वयं सहायता समूहों द्वारा गठित संस्थाओं को शामिल किए जाने की कार्य योजना बनाएं। मौके पर मुख्यमंत्री ने मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित स्वपोषित बाल गृह एवं ओल्ड एज होम के कार्य प्रगति की जानकारी ली एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

फ्लाईओवर प्रोजेक्ट पर सीएम का सख्त रुख, काम में तेजी के निर्देश

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के समक्ष सोमवार झारखंड मंत्रालय में पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सिरमटोली से कांटा टोली को जोड़ने वाली कनेक्टिंग फ्लाईओवर के कार्य प्रगति से संबंधित पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने कनेक्टिंग फ्लाईओवर के कार्य प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि भू-अर्जन से संबंधित कारवाई यथा शीघ्र पूरा कर कार्य को गति प्रदान करें। मौके पर मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच प्रस्तावित करम टोली से साइंस सिटी, चिरौंदी फ्लाईओवर निर्माण योजना को लेकर चर्चा हुई, इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रांची की सड़कों पर जितने डिवाइडर हैं उनमें कुछ अनावश्यक कट्स हैं, उन कट्स को बंद किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांचीवासियों को बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मौके पर प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख प्रवीण जयंत भेंगरा, मुख्य अभियंता सीडीओ विजय रंजन एवं उप सचिव प्रबंधन विक्रम प्रताप सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

मुरी-सिल्ली में पानी के लिए हाहाकार, लो वोल्टेज से ठप जलापूर्ति

मुरी/सिल्ली : जल जीवन मिशन अंतर्गत मुरी ग्रामीण जलापूर्ति योजना पिछले कुछ दिनों से बंद होने के कारण ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे लोग अपना जीवन यापन सही तरीका से नहीं कर पा रहे हैं और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जलापूर्ति योजना ठप होने का मुख्य कारण बिजली की लो वोल्टेज बताया जा रहा है जिसके कारण स्वर्ण रेखा नदी किनारे स्थित इंटेक वेल में 40 एचपी का मोटर लगा है जो 360 से 400 डिग्री वोल्टेज मिलने पर ही संचालित होता है। बताते चलें कि यह इंटेक वेल रामपुर फीडर से जुड़ा हुआ है,वहीं टुंगरी पहाड़ के समीप डब्ल्यूपीटी जलापूर्ति स्थित है जो सिल्ली फीडर से संचालित है। दोनों जगहों पर लो वोल्टेज की समस्या से पानी का संचालन नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण पानी की समस्या से काफी जूझ रहे हैं और दिन भर पानी की वैकल्पिक व्यवस्था में लगे रहते हैं।पानी की समस्या से छोटे-छोटे घरेलू उद्योग बंद होने के कगार पर खड़े हैं।ग्रामीण पानी खरीदने पर मजबूर हो गए हैं। दूसरी ओर भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं और इधर पानी की व्यवस्था करना ग्रामीणों के लिए अलग चुनौती बनकर खड़ा हो गया है।जल की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधि से लेकर विभाग के अधिकारी भी उदासीन है जिससे ग्रामीणों के बीच काफी नाराजगी देखी जा रही है।

श्री श्याम मंदिर का दशम स्थापना दिवस मनाया गया

रांची : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज मोहिनी एकादशी को लेकर मंदिर में प्रातः काल से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सुबह 5:00 बजे मंदिर के नियमित पट खुले इसके बाद 5:30 बजे की मंगला आरती की गई। कुछ देर बाद मंड के पर्दे लगाकर मंडल के कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्री श्याम का प्रातः कालीन दिव्य श्रृंगार किया गया । प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही हरमू रोड में हारे के सहारे की जय श्याम प्यारे की जय के जयकारो की आवाज सुनाई दे रही थी। भक्त अपने आराध्य देव के आगे अपनी अर्जी मनोहर मनोकामना लेकर लाइन में लगे हुए थे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी इस दरबार में अर्जी लगाते हैं उनकी अर्जियां बाबा जरूर पूर्ण करते हैं। श्रृंगार आरती के बाद जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के जयकारा के भजनों से मंदिर परिसर गुंजायमान था। दोपहर 12:30 बजे के उपरांत विश्राम के लिए मंदिर के पट लगाए गए। 4:30 बजे पुनः जब पट खुले तो काफी संख्या में भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। आज श्री श्याम मंदिर हरमू रोड का दशम स्थापना दिवस भी था। एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। मंडल के वरिष्ठ सदस्य अनुज मोदी सुनीता मोदी ने बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेडा रबड़ी मगहीपान फल का भोग अर्पण किया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया ने गणेश वंदना से भजन संकीर्तन प्रारंभ किया इसके बाद वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा ने गुरु जी की वंदना राजेश चौधरी ने हनुमान जी की वंदना अनुज मोदी ने रानी सती दादी की वंदना प्रवीण अग्रवाल ने भोले बाबा की वंदना एवं सलज अग्रवाल गौरव अग्रवाल ने श्याम बाबा की वंदना से भक्तों को रिझाया । देर रात्रि आरती के साथ एकादशी संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

एक नजर

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने बसंत कुमार मित्तल

रांची : अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर बसंत कुमार मित्तल के निर्वाचित होने पर झारखंड में खुशी की लहर है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। ट्रस्ट ने इसे झारखंड के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि दिल्ली में हुए चुनाव में बसंत कुमार मित्तल ने भारी मतों से जीत दर्ज कर झारखंड का मान बढ़ाया है।

मजदूर अधिकारों की रक्षा को मई दिवस पर संकल्प लें : यूनियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : हटिया कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष और एटक झारखंड राज्य कमिटी के कोषाध्यक्ष लालदेव सिंह ने मई दिवस के अवसर पर हेवी इंजीनियर्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के श्रमिकों से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि देश में निजीकरण और अस्थायी रोजगार व्यवस्था बढ़ने से श्रमिकों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं।

कई सार्वजनिक उद्योग आर्थिक संकट और बंदी के खतरे से जूझ रहे हैं, जिससे रोजगार के अवसर प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से एचईसी जैसी औद्योगिक इकाइयों की स्थिति पर चिंता जताई। लालदेव सिंह ने कहा कि नई श्रम नीतियों के तहत कार्य अवधि, ठेका व्यवस्था और रोजगार सुरक्षा जैसे मुद्दों पर श्रमिकों में असंतोष है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा, स्थायी रोजगार और सुरक्षित कार्यस्थल मिलना चाहिए। उन्होंने मई दिवस के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1886 में शिकागो के श्रमिकों ने आठ घंटे कार्यदिवस की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन किया था। उसी संघर्ष की याद में दुनिया भर में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर भ्रम फैला रहा विपक्ष : पूर्णिमा साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर हमला बोला है। भाजपा नेत्री एवं जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को समान अधिकार और राजनीतिक भागीदारी देने के ऐतिहासिक अवसर का विरोध कर महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्णिमा साहू ने कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में महिलाओं को नीति-निर्माण और प्रतिनिधित्व में समान अवसर देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई थी, लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने इसका समर्थन करने के बजाय विरोध का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन में स्पष्ट रूप से कहा है कि महिलाओं को सम्मान, अधिकार और नीति-निर्माण में भागीदारी देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका संवैधानिक और स्वाभाविक अधिकार है। भाजपा सरकार पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं को अधिक अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्णिमा साहू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने वर्षों तक न विधानसभा में और न ही लोकसभा में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वास्तव में महिलाओं को अधिकार देने का समय आया, तब विपक्ष का महिला-विरोधी चेहरा सामने आ गया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में स्पष्ट किया है कि परिसीमन से किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा। इसका उद्देश्य केवल जनसंख्या के आधार पर संतुलित और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।

वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस पर संस्था ने कई समाजिक क्षेत्र के लोगों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : अखिल राजपूताना कल्याण न्यास के तत्वावधान में बाबू वीर कुंवर सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क में बलिदान दिवस सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में सामाजिक लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमलेश सिंह (पूर्व मंत्री, झारखंड) उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बिनय सिंह (बिनु सिंह), अध्यक्ष वीर कुंवर सिंह विचार मंच ने की।

कार्यक्रम रंजन सिंह ने बाबू वीर कुंवर सिंह के प्रेरणादायक जीवन और उनके अद्वितीय साहस पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों-विशेषकर चिकित्सा, विधि एवं सामाजिक क्षेत्र-में उत्कृष्ट योगदान देने वाले दर्जनों गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होनेवाले व्यक्तियों में डॉ अजीत कुमार, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ संकेश सिंह, डॉ पल्लवी, डॉ अंशुमान, डॉ मुकेश, डॉ मृत्युंजय, डॉ गंगा प्रसाद सिंह, डॉ एके लाल, अभिषेक भारती, नन्दलाल तिवारी, रिटायर्ड जज एचएन सिंह, पप्पू सिंह, (एडवोकेट) रतीश रोशन उपाध्याय, (एडवोकेट) अजय कुमार मुरारका (एडवोकेट), राणा प्रिया रंजन सिंह सहित अन्य शामिल हैं। साथ ही समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामान्य सदस्यों को भी सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया।

झारखंड में मौसम का दोहरा असर, कहीं भीषण गर्मी, कहीं बारिश

रांची : झारखंड में मौसम ने इन दिनों दोहरा रूप दिखाना शुरू कर दिया है। राज्य के कुछ जिलों में जहां प्रचंड गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है, वहीं कई इलाकों में तेज बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने 28, 29 और 30 अप्रैल को भी राज्य के कई जिलों में तेज गर्जन, बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे वहां भीषण गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान नामकुम में 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान सबसे अधिक वर्षा सुंदरपहाड़ी में 60.2 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा दुमका और गिरिडीह में भी तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

नेत्रदान-अंगदान जागरूकता अभियान को मिली गति रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लिया नेत्रदान का संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : नेत्रदान जैसे महादान को जन-आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्वयं नेत्रदान का संकल्प लेते हुए समाज को प्रेरित किया। उन्होंने न केवल नेत्रदान का फॉर्म भरा, बल्कि लोगों से भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के समाज कल्याण (महिला) एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा प्रेस क्लब सभागार में आयोजित नेत्रदान-अंगदान सह नेत्र जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मंत्री संजय सेठ ने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा दान है, जो किसी के जीवन में अंधकार को स्थायी रूप से दूर कर सकता है। उन्होंने कार्यक्रम का दीप जलाकर विधिवत शुभारंभ

किया। उन्होंने इसे सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का आह्वान किया। प्रकोष्ठ की अध्यक्ष स्मिता ने मंत्री के इस कदम को प्रेरणादायक बताते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा तथा अधिक लोग नेत्रदान और अंगदान के लिए आगे आएंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पी.के. लाला (मानवाधिकार आयोग) और डॉ. पी. सिन्हा (झारखंड आई बैंक) ने भी नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की। महासभा के झारखंड अध्यक्ष डॉ. सी.बी. सहाय ने नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए वैज्ञानिक तथ्यों के साथ इसकी उपयोगिता समझाई। वहीं, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार ने इस पहल को अभियान का रूप देने का आह्वान करते हुए आयोजक टीम का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की आई बैंक एवं स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन , झारखंड द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को नेत्रदान और अंगदान की प्रक्रिया एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नेत्रदान एवं अंगदान के लिए पंजीकरण कराने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्रकोष्ठ अध्यक्ष स्मिता के साथ प्रीति, उमा सिन्हा, रेणुबाला धार, निर्मला कर्ण, इंदु, रंगोली, सत्या, गुप्तेश्वर और पवन किशोर सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह आयोजन न केवल जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि समाज में सेवा और मानवता के मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ।

एक नजर

अर्पिता महिला मंडल ने शुरू किया सेवा प्याऊ

रामगढ़ : भीषण गर्मी और लू के बढ़ते असर के बीच रजरप्पा क्षेत्र में अर्पिता महिला मंडल ने जनसेवा की सराहनीय पहल करते हुए शीतल पेयजल प्याऊ का संचालन शुरू किया है। इस सेवा कार्य से श्रद्धालुओं, दुकानदारों, ग्रामीणों और राहगीरों को बड़ी राहत मिल रही है। प्याऊ का शुभारंभ महिला समिति की अध्यक्षा गीतांजली सिंह ने किया। यह व्यवस्था रजरप्पा मंदिर प्रांगण और रजरप्पा प्रोजेक्ट बाजार में शुरू की गई है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। गर्मी के इस मौसम में यह पहल लोगों के लिए राहत का केंद्र बन गई है। प्याऊ में केवल ठंडा पानी ही नहीं, बल्कि लोगों को रूह अफजा शरबत, सत्तू शरबत, छाछ, चना-गुड़, लड्डू और ताजा तरबूज भी वितरित किया गया। इससे लोगों को गर्मी से राहत के साथ ऊर्जा भी मिल रही है। इस सेवा कार्य में समिति की सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मौके पर सोनी सिन्हा, रंजीता राय, भारती नाथ, गीता देवी, गायत्री वर्मा और रूबी तिवारी मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर श्रद्धालुओं और आमजनों को पेयजल व अन्य सामग्री वितरित की। अध्यक्षा गीतांजली सिंह ने कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह पहल शुरू की गई है। समिति का प्रयास रहेगा कि पूरे गर्मी के मौसम में यह प्याऊ नियमित रूप से संचालित होता रहे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

अच्छा प्रदर्शन करने वालों को ही मिलेगी प्राथमिकता : उपायुक्त

रामगढ़ : जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के माध्यम से चल रही विकास योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर सोमवार को उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि और कार्यपालक अभियंता शामिल हुए। बैठक में डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्यों की गुणवत्ता और तय समयसीमा के अनुसार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में चल रही हर योजना का लाभ आम जनता तक समय पर पहुंचना चाहिए। योजनाओं की नियमित निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों और एजेंसियों के साथ एक मानकीकृत फॉर्मेट साझा किया गया। इसमें भौतिक प्रगति, वित्तीय प्रगति, हैंडओवर स्थिति और अन्य जरूरी जानकारियां शामिल की गई हैं।

क्लब ने शुरू की प्याऊ की व्यवस्था

खूंटी : खूंटी क्लब ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार को क्लब गेट के बाहर प्याऊ का शुभारंभ किया। इस प्याऊ का उद्घाटन क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के मौके पर क्लब के सदस्य और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर सचिव गणपत कुमार भगत ने कहा कि गर्मी के इस कठिन समय में राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना है। भीषण गर्मी में एक घूंट ठंडा पानी भी किसी के लिए राहत बन सकता है। खूंटी क्लब हमेशा ऐसे जनहित कार्यों में आगे रहा है और आगे भी इसी तरह समाज सेवा के कार्य करता रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी इस तरह के कार्यों में आगे आएं और जरूरतमंदों की मदद करें।

रामगढ़ में अवैध हथियार पर बड़ा एक्शन 9 एमएम पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : जिले में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रामगढ़ पुलिस को अहम सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू थाना क्षेत्र के सोलिया गांव में छापेमारी कर अनीश अंसारी को गिरफ्तार किया गया। उसके घर से विदेशी कंपनी का 9 एमएम पिस्टल बरामद किया गया है। मामले में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। 26 अप्रैल 2026 को रात करीब 8 बजे पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को सूचना मिली कि सोलिया निवासी अनीश अंसारी अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू राघवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में

विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सोलिया गांव पहुंचकर अनीश अंसारी से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर घर से एक प्रतिबंधित बोर का 9 एमएम पिस्टल बरामद किया गया। बरामदगी के बाद आरोपी को तत्काल हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उक्त पिस्टल उसे राहुल दुबे गैंग के एक सक्रिय सदस्य ने फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद रखने के लिए दिया था। इस खुलासे के बाद पुलिस गैंग नेटवर्क और अन्य संदिग्धों की तलाश में जुट गई है। पतरातू थाना कांड संख्या 101/2026, दिनांक 26.04.2026 के तहत धारा 25(1A), 25(1B)(a), 25(6), 26 और 35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अनीश अंसारी (35), पिता ताहिर अंसारी, निवासी सोलिया, थाना पतरातू, जिला रामगढ़ का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उसके खिलाफ पतरातू थाना कांड संख्या 217/2021 में धारा 385/387, 323, 341, 504, 506, 427/34 के तहत मामला दर्ज है। कार्रवाई में सत्येंद्र कुमार सिंह (पतरातू अंचल), शिवलाल कुमार गुप्ता (थाना प्रभारी), अख्तर अली (ओपी प्रभारी भदानीनगर), अफजल हुसैन, पतरातू थाना सशस्त्र बल और अन्य जवान शामिल रहे। रामगढ़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैंग, अवैध हथियार और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

राजगढ़िया रोड पर मेडिकल वेस्ट का अंबार बीमारी फैलने का खतरा : पिंकी जैन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : शहर के व्यस्त एवं घनी आबादी वाले राजगढ़िया रोड क्षेत्र में मेडिकल वेस्ट का अंबार लगने से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। डॉक्टर कश्मीरी गली के पीछे खुलेआम फेंके जा रहे बायोमेडिकल कचरे ने पूरे इलाके को संक्रमण के खतरे में डाल दिया है। वार्ड नंबर 10 की पार्षद पिंकी जैन ने इस गंभीर समस्या पर चिंता जताते हुए नगर परिषद से तत्काल सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संचालित सैकड़ों पैथोलॉजिकल लैब और मेडिकल दुकानों द्वारा खून से सने बैंडेज, सुई, सिरिंज, ग्लव्स और अन्य खतरनाक मेडिकल वेस्ट को खुले में सड़क पर फेंका जा रहा है, जो पूरी तरह गैरकानूनी है।स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब असामाजिक तत्व इस कचरे के ढेर

में आग लगा देते हैं। इससे उठने वाला जहरीला धुआं आसपास के घरों में भर जाता है, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को घुटन का सामना करना पड़ता है और लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कूड़ा चुनने वाले छोटे-छोटे बच्चे और आवारा पशु भी इस संक्रमित कचरे के संपर्क में आ रहे हैं, जिससे गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा और बढ़ गया है। वहीं, नियमित सफाई और कचरा उठाव नहीं होने के कारण समस्या लगातार विकराल होती जा रही है।गौरतलब है कि राजगढ़िया रोड मेडिकल लाइन में पूरे जिले से हजारों लोग इलाज के लिए आते हैं, लेकिन यहां की बदहाल व्यवस्था और गंदगी के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद पिंकी जैन ने बताया कि इस संबंध में नगर परिषद को कई बार सूचित किया गया है, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने नगर प्रशासक से जनहित में अविलंब कदम उठाने की मांग की है।साथ ही, उन्होंने उपायुक्त एवं सिविल सर्जन से भी इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या पर संज्ञान लेने की अपील की है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वार्ड वासी अपने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

डोमचांच में स्ट्रीट लाइट निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : डोमचांच नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट निर्माण कार्य को लेकर अनियमितता का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सीएम हाई स्कूल के बगल स्थित मैदान में लगाए जा रहे स्ट्रीट

लाइट के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोडरमा जिला जहां अपने उच्च गुणवत्ता वाले पत्थरों के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है, वहीं इसी क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान थर्ड क्लास गिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों के मुताबिक, स्ट्रीट लाइट के बेस को मजबूत बनाने के लिए निम्न स्तर की गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता और टिकाऊपन प्रभावित हो सकता है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य में चार गिट्टी, चार बालू और एक बोरा सीमेंट का मिश्रण तैयार कर उपयोग किया जा रहा है, जिसे लेकर भी संदेह जताया जा रहा है। कुछ स्थानीय नागरिकों ने कार्य को तत्काल रोकने की मांग भी की है। वहीं, इस मामले में ठेकेदार अजय राम का कहना है कि उन्हें विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाने की सूची प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर कार्य किया जा रहा है।स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

रामगढ़ में एचपीवी वैक्सीन अभियान तेज निजी स्कूलों के शिक्षकों संग अहम बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

झारखंड : जिले में स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने और किशोरियों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग रामगढ़ ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। सोमवार को जिले के सभी निजी स्कूलों के नोडल शिक्षकों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने शिक्षकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, इसके लाभ और आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में बेहद प्रभावी है। वर्चुअल बैठक के दौरान टीकाकरण के समय अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, जरूरी सावधानियों और स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों की भी जानकारी दी गई। शिक्षकों से कहा गया कि वे अभिभावकों तक सही जानकारी पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। सभी निजी स्कूलों से 14 से 15 वर्ष की छात्राओं के अभिभावकों के साथ पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित करने का आग्रह किया गया। इन बैठकों में स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी शामिल होंगे, ताकि अभिभावकों के मन में उठने वाले सवालों का समाधान किया जा सके। बैठक के बाद इच्छुक अभिभावकों से सहमति पत्र लिया जाएगा। इसके पश्चात छात्राओं को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल में लाकर एचपीवी वैक्सीन लगाया जाएगा। जिन विद्यालयों में स्कूल बस की सुविधा नहीं है, उनके लिए जिला परिवहन विभाग की ओर से वाहन उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

रजरप्पा में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप, परिवार को जान से मारने की धमकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से कथित छेड़छाड़, पीछा करने, जबरन शादी का दबाव बनाने और शिकायत करने पर उसके परिवार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, रजरप्पा प्रोजेक्ट महुआटोली निवासी मनोज कुमार ने बताया है कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री स्थानीय विद्यालय में अध्ययनरत है। आरोप है कि हेसापोड़ा निवासी शुभम पंडा पिछले करीब एक वर्ष से उनकी पुत्री पर गलत टिप्पणी करता था और स्कूल आते-जाते रास्ते में परेशान करता था। परिजनों के अनुसार, जब छात्रा ने घरवालों को जानकारी दी तो पिता और माता आरोपी के घर पहुंचे और उसके परिजनों के सामने समझाने का प्रयास किया। उस समय आरोपी ने भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करने की बात कही थी। शिकायत में कहा गया है कि पिछले एक सप्ताह से आरोपी फिर से छात्रा का पीछा कर रहा था और जबरन शादी करने का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर धमकी भी दी जा रही थी। आवेदन में उल्लेख है कि 25 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे छात्रा अपने भाई के साथ दुर्गा मंडप के पास चाट खाने जा रही थी। इसी दौरान आरोपी अपने तीन साथियों के साथ वहां पहुंचा और छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर हाथ पकड़ने, जबरन वाहन पर बैठाने की कोशिश करने तथा छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जाते समय आरोपी ने शादी नहीं करने पर तेजाब फेंकने और बदनाम करने की धमकी दी। साथ ही खुद को प्रभावशाली परिवार से जुड़ा बताकर डराने का प्रयास किया। घटना के बाद छात्रा के परिजन आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे। आरोप है कि वहां आरोपी के परिजनों ने मिलकर मारपीट की और थाना में शिकायत करने पर जान से मारने, दुकान जलाने तथा क्षेत्र से भगा देने की धमकी दी।

पीएम श्री योजना में लाखों की कथित लूट पर लोकायुक्त पहुंचे आरके बसंत, जिला शिक्षा पदाधिकारी के खिलाफ वाद दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

कोडरमा : सूचना अधिकार मंच के सचिव आरके बसंत ने पीएम श्री योजना में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) के खिलाफ माननीय लोकायुक्त की अदालत में वाद दर्ज कराया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कोडरमा जिले के 11 चयनित पीएम श्री स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के नाम पर केंद्र और राज्य सरकार से 60:40 अनुपात में वर्ष 2027 तक मिलने वाली प्रति स्कूल 1.8869 करोड़ रुपये की राशि में बड़े पैमाने पर मनमानी खरीद और वित्तीय अनियमितता की गई है। आरके बसंत ने कहा कि इस मामले में



वरीय अधिकारियों, राज्य सरकार के मंत्रियों और केंद्रीय शिक्षा मंत्री तक को लगातार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष हित में पूरे मामले पर चुप्पी साधी गई है। बसंत के अनुसार वर्ष 2025 में प्रत्येक चयनित स्कूल में चार डस्टबिन, जिनकी बाजार कीमत दो हजार रुपये से कम बताई गई है, उन्हें 12,500 रुपये प्रति दर से खरीदा गया। वहीं 2026 में पुनः चार डस्टबिन 50 हजार रुपये में खरीद कर आपूर्ति की गई। इसके अलावा 15-20 रुपये कीमत वाले प्लास्टिक मग 120 रुपये में उपलब्ध कराए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि हर्बल गार्डन, खेल सामग्री, लर्निंग एंड इंफॉर्मेशन स्किल, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग और ग्रीन स्कूल गतिविधियों में 50-50 हजार रुपये तक खर्च दिखाया गया, जबकि छात्रों के आईडी कार्ड में 56 हजार रुपये सहित अन्य मदों में हजारों रुपये के बिल दिखाकर लाखों के घपले किए गए हैं।आरके बसंत ने बताया कि उन्होंने इन खरीद प्रक्रियाओं को लेकर सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी। सूचना नहीं मिलने पर प्रथम अपील भी की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने साक्ष्यों के साथ लोकायुक्त को पूरे मामले से अवगत कराते हुए जांच समिति गठित कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं और लोकायुक्त की कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।

संक्षिप्त खबरें

जीव अमृतधारा उत्सव : मारवाड़ी युवा मंच ने पक्षियों व गौमाता के लिए जल व्यवस्था शुरू की

झुमरी तिलैया : मारवाडी युवा मंच, झुमरी तिलैया शाखा के तत्वाधान में द सौरभ होटल में 'जीव अमृतधारा उत्सव' के अवसर पर एक अत्यंत सफल सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा ही भाव है सेवा मे समर्पण इसी भाव में है मारवाड़ी युवा मंच का उत्तम दर्शनका संदेश दिया गया। इस भीषण गर्मी में मूक प्राणियों की प्यास बुझाने के संकल्प के साथ पक्षियों के लिए 50 शिकोरे और गौमाता के लिए 10 नाद का किया गया लोकार्पण। मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष मोहित संघई ने सभी युवाओं से यह अपील की कि सब अपने घरों के छतों में पंछी के पानी की सिकोरे को लगाएं और जहां भी व्यवस्था हो वहां गौ माता के लिए पानी का नाद लगाएं। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पधारे मुख्य अतिथियों को मंच की परंपरा के अनुसार अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रान्तीय जीव दया संयोजक सारिका लड्ढा, झारखंड प्रान्तीय मंडल 1 सहायक मंत्री श्रेया केडिया, झारखंड प्रान्तीय युवा भवन मंत्री राज कुमार पचीसिया की गरिमामयी उपस्थिति और प्रेरणादायी मार्गदर्शन ने हमारे इस सेवा भाव को और अधिक बल दिया है। कार्यक्रम में उपस्थित सारिका लड्ढा ने कहा कि इस सृष्टि में चाहे वह एक छोटा पक्षी हो या विशाल पशु इन सब की जरूरतें एवं भावनाएं उतनी ही सच्ची होती है जितनी कि हम मानवों की, इन्हें भी हम मानवों की तरह भूख और प्यास लगती है। इनके लिए जल से भरा पात्र और चारा एवं दाना जीवनदायक बन सकता है, हमारी छोटी सी कोशिश इन बेजुबान जीवो के लिए बहुत बड़ी सहायता बन जाती है। श्रेया केडिया ने कहा कि हम सभी को जीवो के प्रति सेवा, करुणा और दया का भाव रखना चाहिए। इन जीवों के सहयोग से ही आज पृथ्वी का चक्र सही ढंग से पूर्ण होता है और हम लोग एक अच्छी जीवन शैली जीने योग्य बन पाते हैं। वही राज पच्चीसिया ने अपने संबोधन में कहा की सभी जीव निस्वार्थ भावना से हम मानवों को अपनी सेवा देते हैं तो हमारा भी यह कर्तव्य है कि हम अपने आसपास के वातावरण को उनके लिए सुरक्षित और सुखद बनाएं। इस कार्यक्रम में संरक्षक रितेश दुग्गड़, आईपीपी राहुल जैन,राहुल चौधरी,अंकित केडिया,मिहिर खेतान,गौरव चौधरी,आयुष केडिया हर्षित सोमानी उपस्थित थे।

लू से राहत के लिए विशेष अभियान, लोगों के बीच पानी और ओआरएस का किया गया वितरण

कोडरमा : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में आम लोगो को गर्म लू से राहत दिलाने को लेकर आम लोगो के बीच पीने का पानी ओ आर एस सहित अन्य सामग्रियों को वितरित करने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है । कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रमाकांत मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा की टीम द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि आम लोगो एवं जरूरतमंद लोगो को इसका लाभ दिलाया जा सके । इस अभियान के तहत आज सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार द्वारा इस अभियान के तहत कुछ लोगो के बीच पानी का बोतल एवं ओ आर एस का पाउडर आदि वितरित किया गया । इस दौरान इन दिनों पूरे कोडरमा जिले में पड़ रहे कड़ाके की गर्मी एवं भयानक गर्म लू (हीट वेब) में कड़ी धूप में खुले आसमान में कार्य कर रहे ट्रैफिक पुलिस एवं अन्य कई जरूरतमंद लोगों को प्राधिकार के सचिव ने अपने घूम घूम कर पानी का बोतल, ओ आर एस सहित गर्मी से बचाव की अन्य सामग्रियों का वितरण किया। इस दौरान सचिव गौतम कुमार द्वारा कोडरमा बाजार, झुमरी तिलैया, करमा चाराडीह, लखीबागी सहितअन्य इलाकों में इन सामग्रियों का वितरण किया गया।इसके अलावा विभिन्न प्रखंडो में कार्यरत पारा लीगल वोलेनटियर को भी प्रखंड प्रशासन के सहयोग से अपने अपने प्रखंडो में इस प्रकार के अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए है ताकि असहाय एवं जरूरतमंद लोगो को भीषण गर्मी एवं लू से राहत मिल सके । जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा द्वारा इन दिनों पूरे जिले को चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

आकांक्षा एडू स्टेशन के दो छात्रों ने सफलता से बढ़ाया रामगढ़ का मान

रामगढ़ : शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आकांक्षा एडू स्टेशन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार सफलता हासिल कर संस्था और जिले का नाम रोशन किया है। संस्थान के छात्र राजीव गुप्ता का चयन कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में हुआ है, जबकि देवेंद्र कुमार सोनी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा एवं जूनियर रिसर्च फेलोशिप में सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि से शिक्षा जगत में खुशी की लहर है। राजीव गुप्ता इससे पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कर्मचारी चयन आयोग चयन पद परीक्षा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय कनिष्ठ सहायक परीक्षा, इंटेलिजेंस ब्यूरो सुरक्षा सहायक, रेलवे गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणी स्नातक एवं इंटरमीडिएट स्तर तथा दिल्ली उच्च न्यायालय कनिष्ठ न्यायिक सहायक प्रारंभिक परीक्षा में भी सफलता हासिल की है। हाल ही में उनका चयन आयकर विभाग में कार्यालय सहायक पद के लिए हुआ है। संस्थान के दूसरे छात्र देवेंद्र कुमार सोनी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा और जूनियर रिसर्च फेलोशिप में सफलता पाकर शैक्षणिक जगत में नई पहचान बनाई है। यह उपलब्धि उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत मानी जा रही है। संस्था के संरक्षक एवं निदेशक उपेंद्र पांडे ने दोनों सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि दोनों विद्यार्थियों के सम्मान में 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे संस्थान परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। राजीव गुप्ता की सफलता कई युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। उनके माता-पिता दर्जी का कार्य करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद राजीव ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। दोनों छात्रों की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। रामगढ़ के विद्यार्थियों के लिए यह उपलब्धि प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है।

एक नजर

डेहकेला गोलीकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

खूंटी : मुरहू थाना क्षेत्र के डेहकेला गांव में शनिवार रात हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सोमार बाजार, मुरहू निवासी जोहन मुंडू (21) के रूप में हुई है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, फायर किया हुआ बुलेट का खोखा और दो बाइक बरामद किया है। यह जानकारी सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी ऋषभ गर्ग ने देते हुए बताया कि शनिवार की रात में हथियारबंद अपराधियों ने डेहकेला गांव निवासी केदार अहीर के घर पर धावा बोलकर मारपीट और फायरिंग की थी। इस दौरान केदार अहीर के पुत्र रूसू अहीर के जांघ में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

छात्रवृत्ति का भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरायकेला : खरसावां समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी गोपी उरांव, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के भुगतान की समीक्षा की गई तथा उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि प्राप्त आवंटन के अनुरूप सभी पात्र छात्र-छात्राओं को समयबद्ध रूप से छात्रवृत्ति का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे। साथ ही साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए शेष बचे साइकिल वितरण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने एवं वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में सरना-जाहेरथान, आदिवासी कला एवं संस्कृति भवन, बहुद्देशीय भवन, धूमकुड़िया एवं मांझी थान भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए तथा जिन अंचलों से प्रस्ताव लंबित हैं, उनसे शीघ्र प्रस्ताव प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई करते हुए विभाग को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के भौतिक सत्यापन की समीक्षा करते हुए लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया।

उपायुक्त ने विभागीय योजनाओं का स्थानीय स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए लक्षित परिवारों की पहचान सुनिश्चित कर उन्हें समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा नियमित अनुश्रवण के माध्यम से प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि लक्षित वर्गों तक योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से पहुंचे सके।

संक्षिप्त खबरें

दुगनी में सड़क सुरक्षा अभियान, बिना हेलमेट वाहन चालकों को किया जागरूक

सरायकेला : खरसावां उपायुक्त के निर्देश के आलोक में सोमवार को दुगनी में सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा लगभग 10 चालकों को जुमार्ना के साथ हेलमेट वितरित कर जागरूक किया गया। अभियान के क्रम में वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन हेतु विस्तृत जागरूकता संदेश दिया गया। उन्हें हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आमजनों से अपील की गई कि वे अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु जागरूक करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो , मोटर वाहन निरीक्षक दिलीप कुमार एवं रवि प्रसाद तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

जनगणना 2027 की तैयारियां तेज तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पटमदा : भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरूआत 15 मई 2026 से प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर पटमदा प्रखंड कार्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंचलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें जनसंख्या, लिंगानुपात, आयु, धर्म, आर्थिक गतिविधियां, आवास, प्रवसन तथा परिसीमन जैसे अहम पहलुओं की महत्ता समझाई गई। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के आंकड़े देश के नीति निर्धारण और योजनाओं के निर्माण का आधार होते हैं। इसी के आधार

पर सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की योजनाएं तैयार करती है। अंचलाधिकारी ने सभी परगणकों एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और दिए गए निर्देशों का भली-भांति अध्ययन करें। साथ ही, तय समय सीमा के भीतर प्रथम चरण की जनगणना को पूरी जिम्मेदारी, तत्परता और तल्लीनता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न करने पर जोर दिया गया।

गरीब बेटी की शादी में ग्रामीणों ने बढ़ाया मदद का हाथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रसानी गांव में सामाजिक एकजुटता और मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। युवा समाजसेवी सिकेंद्र सिंह की पहल पर गाँव के लोगों ने एकजुट होकर एक गरीब बेटी की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उनकी इस पहल ने पूरे गांव को एक साथ जोड़ने का काम किया। और इस सराहनीय कार्य की लगातार क्षेत्र में चर्चे भी हो रहे है। इस पुनीत कार्य में अजय यादव, रामदेव यादव, मुनिलाल यादव, तुलसी यादव, रंजीत यादव, जितेंद्र यादव, सुभाष यादव, मुकेश यादव, राहुल यादव, प्रकाश यादव, विनोद यादव, नरेश यादव, सूरज यादव,

दिनेश यादव, चेतलाल यादव, विजय यादव, प्रकाश यादव चंद्रदेव यादव, सुजीत यादव, महेश यादव, विनोद यादव, केदार यादव, सुखदेव यादव, सेवाचंद यादव, इंद्रदेव यादव हरेंद्र यादव , सुजीत यादव, महेश यादव,हरेंद्र यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने अपनी श्रद्धा अनुसार राशि (100 रुपये से लेकर 1551 रुपये तक) देकर सहयोग किया। ग्रामीणों के इस सराहनीय कदम से न केवल एक जरूरतमंद परिवार को सहारा मिला, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे का भी मजबूत संदेश गया। यह पहल पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और अन्य लोगों को भी ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित कर रही है।

Mobile no-9771794410
Website: www.atmakoderma.org
e mail: atmakoderma2009@rediffmail.com Reg No- 1175/2007- 08
कार्यालय, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), कोडरमा, झारखण्ड

आवेदन आमंत्रण सूचना

"दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" योजनान्तर्गत कोडरमा जिला में दलहनी फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोस्ट हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर (प्रसंस्करण ईकाई) की स्थापना हेतु इच्छुक एवं पात्र संस्थाओं/ व्यक्तिगत किसान/ उद्यमी से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

निम्नलिखित श्रेणी के इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते हैं:–
1.किसान उत्पादक संगठन (FPO) 2. PACS 3. कलस्टर लेवल फेडरेशन (CFL)
4. व्यक्तिगत किसान/ उद्यमी 5. किसी भी अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित अन्य उपक्रम

आवश्यक दस्तावेज :–
1.आवेदन पत्र 2. निबंधन प्रमाण पत्र (व्यक्तिगत आवेदक को छोड़कर)
3. आधार कार्ड (व्यक्तिगत आवेदक हेतु) 4. पैन कार्ड 5. भूमि संबंधी दस्तावेज/ लीज एग्रीमेंट
6.परियोजना प्रतिवेदन (DPR/ Project Report) 7.पासपोर्ट साईज फोटो–02
8. सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय, जिला कृशि पदाधिकारी कोडरमा को दिनांक 20.05.2026 तक जमा कर सकते हैं।

नोट :1. प्रसंस्करण ईकाई स्थापना हेतु संस्था/ व्यक्तिगत किसान/ उद्यमी का चयन "दलहन आत्मनिर्भरता मिशन" के मार्गदर्शिका तथा मानक संचालन प्रकिया (SOP) के अनुसार किया जायेगा।
2. एक प्रसंस्करण ईकाई के परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अथवा 25 लाख रू0 (जो भी कम हो) की वित्तीय सहायता लाभुक को दी जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी
कोडरमा

PR 378503 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)26-27*D

विजय तिर्की हत्याकांड में फरार आरोपी सहनवाज खान गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरायकेला/चांडिल : चांडिल थाना क्षेत्र के हारुडीह गांव में बीते वर्ष 24 दिसंबर 2025 को हुए चर्चित विजय तिर्की हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपियों में शामिल सहनवाज खान उर्फ डाबर उर्फ सन्नो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मानवीय सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह गिरफ्तारी संभव हो सकी। उन्होंने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी अभियान जारी है।

एसपी ने बताया कि 25 दिसंबर 2025 को चांडिल थाना में मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले भी इस कांड में शामिल कई अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त सहनवाज खान का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, मारपीट और आर्म्स एक्ट के तहत कई गंभीर मामले पूर्वी सिंहभूम जिले के आजादनगर थाना में दर्ज हैं, जो उसकी आपराधिक प्रवृत्ति को दशार्ते हैं। इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शाहिद खान उर्फ शहजादा, विवेक कुमार मन्ना उर्फ विक्की, राहुल राव और मनीष कुमार ठाकुर शामिल हैं। एसपी निधि द्विवेदी ने इस सफल कार्रवाई के लिए चांडिल थाना प्रभारी दिलशन बिरुआ एवं उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस टीम ने बेहद पेशेवर तरीके से काम करते हुए इस मामले में अहम सफलता हासिल की है।

3 मई को होगी नीट परीक्षा, कदाचार रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और परीक्षा केंद्र के नगर समन्वयक-सह-प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बैठक में बताया कि इस वर्ष जिले में लगभग 158 परीक्षार्थी नीट (यूजी) परीक्षा

में शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन 03 मई 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय डुमरदग्गा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निगरानी कैमरे, अभ्यर्थियों की तलाशी, बायोमेट्रिक जांच और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

e-Procurement Tender Notice
Two Envelope System

Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-03/2026-27
Letter no - 318 Date :- 27.04.2026

1.	Name of the work	Construction of Miscellaneous Work for Renovation of Lebra Upgraded Primary School, Block- Barkatha, District- Hazaribag.
2.	Estimated Cost (Rs.)	Rs.- 1,35,14,400.00
3.	Time of Completion	11 Months
4.	Date of Publication of e-Tender on website	07.05.2026 at 1:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	14.05.2026 up to 5:00 P.M
6.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	14.05.2026 up to 5:00 P.M
7.	Date of opening of e-Tender	16.05.2026 at 03:00 P.M
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag
9.	Contact no. of e-Procurement officer	06546-270485
10.	E-mail of e- Procurement officer	eemidhbg-cemr-jhr@nic.in

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 378558 Mines and Geology(26-27)#D

भीषण गर्मी से बढ़ा पेयजल संकट, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : भीषण गर्मी के कारण पलामू जिले में पेयजल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। बढ़ती जल समस्या को देखते हुए झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को पलामू परिसदन में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पेयजल संकट के त्वरित समाधान और खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मंत्री ने पेयजल से जुड़ी लघु अवधि (शॉर्ट टर्म) योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को तत्काल राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस कठिन समय में पेयजल की उपलब्धता

सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

समीक्षा में बताया गया कि जिले में 1 अप्रैल तक कुल 27 हजार 37 चापाकल स्थापित हैं, जिनमें से लगभग 4 हजार चापाकल खराब पड़े हैं। इनमें 1370 चापाकल एसआर (स्पेशल रिपेयर) के अंतर्गत हैं, जबकि 2017 चापाकल राइजिंग पाइप सड़ने के कारण खराब हो गए हैं। विभाग ने बताया कि चापाकलों की मरम्मत के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं है।

इस पर मंत्री ने पिछले वर्ष दी गई 1 करोड़ रुपये की अनाबद्ध राशि से खराब चापाकलों को तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने उपायुक्त को डीएफएमटी फंड से मरम्मत कार्य और राइजिंग पाइप की खरीद के लिए आवश्यक राशि उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खराब चापाकलों की जानकारी एकत्र करने के लिए पंचायत भवनों में फ्लेक्स बोर्ड लगाए जाएंगे। इन फ्लेक्स पर विभागीय कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर और मिस्त्री के मोबाइल नंबर अंकित रहेंगे, ताकि ग्रामीण सीधे संपर्क कर खराब चापाकलों की सूचना दे सकें। इससे दूरदराज के क्षेत्रों में भी त्वरित मरम्मत संभव हो सकेगी। खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए 17 विशेष वाहन भी लगाए जाएंगे, जो विभिन्न पंचायतों में जाकर मरम्मत कार्य करेंगे। इससे कार्य में तेजी आएगी और अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सकेगी। इस बीच राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री ने सभी विधायकों को पत्र लिखकर प्रत्येक प्रखंड में 20-20 नए चापाकल लगाने की अनुशंसा करने का आग्रह किया है। इस योजना के तहत जिले के 21 प्रखंडों में कुल 420 नए चापाकल लगाए जाएंगे, जिससे भविष्य में जल संकट को कम करने में मदद मिलेगी। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू प्रमंडल से आने के कारण उनकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि यहां की पेयजल समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी प्रकार की पहल कर लोगों को राहत पहुंचाई गई थी।

उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि जिले का जलस्तर 55 से 60 फीट नीचे चला गया है, जो बेहद गंभीर स्थिति है।

कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

–:आम सूचना:–

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 नागेश्वर राम (पत्नी स्व0 कमला देवी)
- शंभुनाथ दास → कृष्णा कुमार
- स्व0 उपेन्द्रनाथ दास → मनोरमा दास (पत्नी) → कुमार उज्ज्वल
- महेन्द्रनाथ दास → श्वेता श्रेष्ट, आकृति दास
- मंजू कुमारी
- स्व0 देवेन्द्रनाथ दास → मीना दास (पत्नी) → ऋषि कुमार, उन्नती दास

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 378563 (District)26-27*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय प्रपत्र संख्या–1
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

अति अल्पकालीन ई– निविदा
(द्वितीय आमंत्रण)
निविदा संख्या :- 03/JMT/2026-27दिनांक 27.04.2026

क्र0 स0	विवरणी	विस्तृत विवरणी			
	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रिम जमानत की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय
1	Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2026-27, 2027-28, 2028-29 (2nd Call)	1,78,35,200/-	3,57,000/-	10,000/-	36 Months
2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–	29-04-2026 at 5.00 बजे अपराह्न			
3	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय:–	08-05-2026 को 5.00 बजे अपराह्न			
4	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	08-05-2026 को 5.00 बजे अपराह्न			
5	तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :–	09-05-2026 को 5.00 बजे अपराह्न			
6	तकनीकी बीड खोलने का स्थान :–	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया			
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :–	ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया			
8	निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :–	08002536460, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com			
9	ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0	0651-2480345			

• विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

जल ही जीवन है ! स्वच्छता प्राण है !

PR.NO.378529 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

कौन कर रहा है अमेरिकी वैज्ञानिकों का पीछा?

अमेरिका में साल 2023 से संवेदनशील अनुसंधान कार्यक्रम से जुड़े कम से कम 10 वैज्ञानिकों की मौत हो चुकी या राह चलते गायब हो चुके हैं। इनमें से कुछ का तो कत्ल भी किया गया। गायब हो रही देश की बौद्धिक संपदा को जमीन निगल गई या आसमान खा गया, इसका सीधा जवाब किसी के पास भी नहीं है। इनका संबंध अमेरिका न्यूक्लियर और एयरोस्पेस रिसर्च से रहा है। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या इन घटनाओं के बीच कोई आपसी संबंध है? इस समय एफबीआई जवाब की तलाश में फाइलों की धूल झाड़ रही है। अमेरिकी मीडिया के खुलासे के बाद संघीय एजेंसी ने कहा कि जवाब खोजने के लिए ऊर्जा विभाग, युद्ध विभाग और स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर जांच की जा रही है। सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी के नेतृत्व वाली हाउस ओवरसाइट कमेटी ने अलग से जांच करने का फैसला लिया है। कमेटी का कहना है कि इन लोगों की पहुंच संवेदनशील वैज्ञानिक जानकारियों तक थी। नासा ने कहा कि मारे गए या गायब हो चुके वैज्ञानिकों के संबंध में संबंधित एजेंसियों के साथ जांच में समन्वय और सहयोग कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे काफी गंभीर मामला बताया है। हाउस ओवरसाइट कमेटी के चेयरमैन जेम्स कोमर का मानना है हत्या, मौत या गायब होना महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। कांग्रेस भी चिंतित है। इस कमेटी के सदस्य डेमोक्रेट जेम्स वॉकिनशॉ ने तो यहां तक कहा है कि इन मामलों के पीछे कोई सुनियोजित साजिश या मकसद छिपा है। एफबीआई ने 30 जुलाई, 2023 को 59 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कहने वाले नासा के वैज्ञानिक माइकल डेविड हिक्स की मौत को भी जांच के दायरे में लिया है। उन्होंने नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) में लगभग 25 साल तक काम किया था। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के मुताबिक, लेबोरेटरी में करियर के दौरान उन्होंने धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों पर विशेषज्ञता हासिल की थी। उनकी मौत की वजह का खुलासा नहीं किया गया। उनकी बेटी जूलिया हिक्स यह जानकर हैरत में है कि पिता की मौत पर रहस्य का पर्दा पड़ा है। एजेंसी ने फ्रैंक माइवाल्ड और मोनिका रेजा की मौत के कारणों को भी सामने लाने का फैसला किया है। कहते हैं कि इसके बाद के सालों में जेपीएल से जुड़े कई और लोग भी मारे गए या लापता हो गए। अंतरिक्ष अनुसंधान के विशेषज्ञ फ्रैंक माइवाल्ड की 2024 में लॉस एंजिल्स में 61 साल की आयु में मौत हो चुकी है। 60 साल की एयरोस्पेस इंजीनियर मोनिका रेजा जून 2025 में लॉस एंजिल्स के एक जंगल में हाइकिंग करते समय लापता हो गई हैं। हाउस ओवरसाइट कमेटी ने बताया कि रेजा नासा की जेपीएल के मटीरियल्स प्रोसेसिंग ग्रुप की डायरेक्टर थीं। एयर फोर्स के रिटायर्ड मेजर जनरल विलियम नील मैककैसलैंड (68) लापता हैं। उन्हें इसी साल 27 फरवरी को अल्बुकर्क (न्यू मैक्सिको) में अपने घर से बाहर निकलते हुए देखा गया था। वह अपना फोन, चश्मा और पहनने वाले डिवाइस घर पर ही छोड़ गए थे। मैककैसलैंड पेंटागन के कुछ सबसे उन्नत एयरोस्पेस शोध कार्यों के केंद्र में थे। उन्होंने एक समय राइट पैटर्सन एयर फोर्स बेस स्थित 'एयर फोर्स रिसर्च लैबोरेटरी' की कमान भी संभाली थी। एफबीआई के एजेंट उन्हें सारी दुनिया में तलाश रहे हैं। कहते हैं कि इस बेस पर कथित ₹रोसवेल घटना₹ से जुड़ा किसी बाहरी ग्रह का मलबा रखा है। उनकी पत्नी सुसान मैककैसलैंड विल्करसन ने फेसबुक पोस्ट में माना है कि यह सच है कि नील का यूएफओ समुदाय के साथ कुछ समय के लिए जुड़ाव रहा। यह जुड़ाव किसी के लिए नील को अगवा करने का कारण नहीं हो सकता। न्यू मेक्सिको के प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र लॉस एलामोस नेशनल लेबोरेटरी से जुड़े दो वैज्ञानिक मेलिसा कैसियस और एंथनी चावेज भी लापता हैं। न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस के अनुसार, 53 वर्षीय कैसियस को आखिरी बार जून 2025 में न्यू मैक्सिको के तालपा के पास एक हाईवे पर देखा गया था। वह अपना सामान घर पर ही छोड़ गई थीं और उनका फोन फैक्टरी-रीसेट किया हुआ था। इससे पहले मई में 78 वर्षीय चावेज लापता हो गए थे। वह इसी लेबोरेटरी में फोरमैन थे। हाल के महीनों में कई जाने-माने वैज्ञानिकों की हत्या ने भी अटकलों को हवा दी है। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर नूनो एफ.जी. लोरेइरो की दिसंबर 2025 में बोस्टन के पास उनके घर पर एक बंदूकधारी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

सूडोकु नवताल- 7778

★☆☆☆☆ सरल

	9				6			
4	7				8	3		9
		8	7	3		1	2	
	8	9		5	1		7	6
5	1		8	7		4	9	
	2	4		6	5	7		
7		1	3				5	8
			1				4	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7777 का हल

1	9	3	7	5	4	2	6	8
8	4	2	1	6	3	9	5	7
5	7	6	8	2	9	3	1	4
4	1	5	6	3	2	8	9	7
7	2	9	4	8	1	6	5	3
3	6	8	5	9	7	1	4	2
2	5	1	9	4	8	7	3	6
9	8	4	3	7	6	5	2	1
6	3	7	2	1	5	4	8	9

चेहरा चमकाने के लिये अब केजरीवाल का न्यायपालिका पर निशाना

अजय कुमार

आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक बार फिर अपने पुराने ढर्रे आरोप लगाकर भाग जाने वाली राजनीति करने लगे हैं। पहले उनके आरोप की जद में प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी के अन्य नेता अमित शाह आदि शामिल होते थे। कांग्रेस पर भी खूब हमला बोलते थे, लेकिन अब वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगे हैं। शराब घोटाले में फंसे केजरीवाल चाहते हैं कि राउज एवेन्यू कोर्ट की तरह उन्हें हाईकोर्ट से भी क्लीन चिट मिल जाये, जब केजरीवाल को ऐसा होता नहीं लगा तो वह हाईकोर्ट की जज पर ही हमलावर हो गये। अब तो शराब घोटाले में फंसे केजरीवाल यह तक कहने लगे हैं कि वह गांधी की तरह आंदोलन करेंगे और हाईकोर्ट की उस जज के सामने पेश नहीं होंगे, जिनको लेकर वह आशंकित है। दरअसल, बीती 27 फरवरी 2026 को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने पूरे राजनीतिक परिदृश्य को हिला दिया। पूर्व दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति घोटाले के मामले में बरी कर दिया गया। जज ने साफ कहा कि जांच एजेंसियों के पास ठोस सबूतों का अभाव है। आरोपों को महज कयासों पर टिकाए रखना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। कोर्ट ने न केवल केजरीवाल बल्कि अन्य आरोपियों को भी सबूतों की कमी के चलते बरी कर दिया। इस फैसले के बाद केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा, यह सत्य की जीत है। वर्षों की सुनवाई के बाद मिली यह राहत आम आदमी पार्टी के लिए ऐतिहासिक पल था। लेकिन यह अंत नहीं, बल्कि एक नई कानूनी जंग की शुरूआत साबित हुई।

राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले ने केंद्र सरकार और जांच एजेंसियों को झटका दिया। सीबीआई ने तुरंत अपील दायर करने का फैसला किया। मात्र चार दिन बाद, 3 मार्च 2026 को दिल्ली हाईकोर्ट में मामला पहुंच गया। सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को गलत ठहराते हुए कहा कि सबूतों को नजरअंदाज किया गया। केजरीवाल को बरी करने को जल्दबाजी का फैसला करार दिया। हाईकोर्ट ने स्टे नहीं दिया, लेकिन सुनवाई की तारीखें तय कर दीं। इसी बीच केजरीवाल ने अपनी रणनीति बदली। उन्होंने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा पर पक्षपात का आरोप लगाया। जस्टिस शर्मा हाईकोर्ट की बेंच का हिस्सा हैं, जो इस मामले की सुनवाई कर रही हैं। केजरीवाल ने दावा किया कि जस्टिस शर्मा का राजस्थान प्रशासनिक सेवा, आरएएस से पुराना नाता है। इससे उन पर पूर्वाग्रह का सवाल उठता है।यह विवाद 10 अप्रैल 2026 को चरम पर पहुंचा। केजरीवाल ने हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया। उन्होंने जस्टिस शर्मा को मामले से हटाने की मांग की। तर्क दिया कि जस्टिस शर्मा का पति भी राजस्थान सिविल सेवा में हैं। केजरीवाल ने इसे आरएएस का नेटवर्क करार दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार से जुड़े होने के कारण जस्टिस शर्मा निष्पक्ष नहीं रहेंगी। भाजपा शासित केंद्र के दबाव में फैसला करेंगी। यह आरोप हाईकोर्ट में गरमा गया। जस्टिस शर्मा ने व्यक्तिगत टिप्पणी की। उन्होंने केजरीवाल पर कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाया। कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को नोटिस जारी किया। सुनवाई 18 अप्रैल को हुई। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील ने सबूत पेश किए। जस्टिस शर्मा के पुराने फैसलों का हवाला दिया। दावा किया कि कई मामलों में भाजपा नेताओं के हक में फैसले आए। उदाहरण के तौर पर 2024 का एक केस, जहां जस्टिस शर्मा ने एडीएम को जमानत दी, जो भाजपा से जुड़े थे। दूसरी ओर सीबीआई ने इसे राजनीतिक स्टंट बताया। कहा कि केजरीवाल ट्रायल कोर्ट की बरीगी बचाने के लिए जज को बदनाम कर रहे हैं। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को फटकार लगाई। जस्टिस स्वर्णकांता ने खुद कहा कि उनके फैसले हमेशा कानून पर आधारित रहे। आरएएस का कोई प्रभाव नहीं। फिर भी, बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा। 25 अप्रैल 2026 को अंतरिम आदेश आया। जस्टिस शर्मा मामले में बनी रहीं, लेकिन केजरीवाल को बोलने की छूट दी गई।

इस पूरे घटनाक्रम ने उस समय राजनीतिक रंग ले लिया, जब अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी ने इसे न्यायिक साजिश का नाम दिया। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि सिस्टम भ्रष्ट है। भाजपा न्यायपालिका को भी कब्जे में लेना चाहती है। विपक्षी दलों ने समर्थन किया। कांग्रेस और सपा ने केजरीवाल के पक्ष में बयान दिए। वहीं भाजपा ने पलटवार किया। कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोपी हैं। जज पर कीचड़ उछालकर बच निकलना चाहते हैं। शराब घोटाले में 336 करोड़ के नुकसान का मामला है। ईडी की चार्जशीट में दक्षिणी दिल्ली की 21 सबसे महंगी शराब दुकानों को कंपनियों को देने का खुलासा हुआ। केजरीवाल की सरकार ने नीति बदली, जिससे निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा। सीबीआई का दावा है कि पैसे चुनावी फंड में गए।अब सवाल उठता है कि केजरीवाल इन आरोपों से क्या साबित करना चाहते हैं। मुख्यतः तीन बातें। पहली, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग। वे कह रहे हैं कि सीबीआई और ईडी भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। जस्टिस शर्मा पर आरएएस कनेक्शन का आरोप इसी का हिस्सा है। दूसरी, न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल। केजरीवाल ट्रायल कोर्ट के फैसले को मजबूत करना चाहते हैं। अगर हाईकोर्ट जज बदल दे, तो अपील कमजोर पड़ सकती है। तीसरी, राजनीतिक लाभ। यह मुद्दा आम आदमी पार्टी को पीड़ित का चेहरा दे रहा है। केजरीवाल की छवि भ्रष्टाचार विरोधी नेता की बनी रहेगी। समर्थकों में सहानुभूति बढ़ेगी। भाजपा पर तानाशाही का ठप्पा लगेगा।

इससे केजरीवाल को कई फायदे हो रहे हैं। कानूनी तौर पर, अगर जज बदले या हाईकोर्ट अपील खारिज कर दे, तो सुप्रीम कोर्ट का रास्ता साफ। राजनीतिक रूप से, यह मुद्दा चुनावी एजेंडा बन गया। आप ने सोशल मीडिया पर अभियान चला रखा। सर्वे बताते हैं कि दिल्ली में केजरीवाल की लोकप्रियता बढ़ी है। 40 प्रतिशत वोटर अब उन्हें निर्दोष मानते हैं। आर्थिक नुकसान कम हुआ। घोटाले के दाग से मुक्ति मिली। भविष्य में केंद्र की राजनीति में वापसी आसान। लेकिन जोखिम भी हैं। अगर हाईकोर्ट ने बरीगी पलट दी, तो जेल की नौबत। अवमानना का केस अलग से चल सकता है।शराब घोटाला 2021 से चला आ रहा है। अरविंद केजरीवाल की सरकार ने नई शराब नीति लाई। कोविड के बाद राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य था। लेकिन आरोप लगा कि सांठगांठ से कंपनियों को फायदा पहुंचाया। मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए। केजरीवाल को भी नोटिस मिले। ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की कमी बताई। सीबीआई ने चार्जशीट में 100 पेज के दस्तावेज पेश किए। लेकिन कोर्ट ने उन्हें अपर्याप्त माना। बहरहाल, यह मामला भारतीय न्याय व्यवस्था की पड़ताल कराता है। क्या राजनीतिक दबाव जजों पर असर डालता है। केजरीवाल का दांव चालाकी भरा है। वे जानते हैं कि जज बदलना मुश्किल, लेकिन विवाद पैदा करना आसान। इससे मीडिया कवरेज मिलता है। जनता का समर्थन बढ़ता है। भाजपा सरकार पर दबाव बनता है। अंततः, यह केजरीवाल की रणनीति का हिस्सा लगता है। सत्य की जीत का नारा दोहराते हुए वे सत्ता की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन कानूनी फैसला ही अंतिम सत्य तय करेगा।

आशा, करुणा और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उत्सव

ललित गर्ग

हर वर्ष 29 अप्रैल को मनाया जाने "विश्व इच्छा दिवस" मानवता के उन कोमल स्पंदनों को अभिव्यक्त करता है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं। यह केवल एक दिवस नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, करुणा और आशा का वैश्विक अभियान है। इस दिन का मूल उद्देश्य उन बच्चों के जीवन में खुशी और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है, जो गंभीर और जानलेवा बीमारियों से जूझ रहे हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन की वास्तविक सुंदरता दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में निहित है। इस प्रेरणादायी दिवस का संबंध विश्वविख्यात संस्था मेक-ए-विश फाउंडेशन से है, जो दशकों से बीमार बच्चों की इच्छाओं को साकार कर उन्हें जीवन का नया अर्थ दे रही है। यह संस्था न केवल इच्छाओं को पूरा करती है, बल्कि उन बच्चों के भीतर जीने की आशा, साहस और मानसिक शक्ति का संचार भी करती है।

इस दिवस का इतिहास अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक है। वर्ष 1980 में सात वर्षीय क्रिस ग्रेसियस जो ल्यूकेमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे, उनकी अंतिम इच्छा एक पुलिस अधिकारी बनने की थी। जब यह बात स्थानीय पुलिस तक पहुंची, तो उन्होंने न केवल उसकी इच्छा को समझा, बल्कि उसे पूरा करने का संकल्प भी लिया। 29 अप्रैल 1980 को क्रिस को एक दिन के लिए पुलिस अधिकारी बनाया गया, उन्हें वर्दी पहनाई गई और पूरे सम्मान के साथ यह अनुभव दिया गया। उस दिन क्रिस के चेहरे पर जो मुस्कान थी, वह केवल एक बच्चे की खुशी नहीं थी, बल्कि मानवता की संवेदनशीलता का जीवंत प्रमाण थी। दुर्भाग्यवश, कुछ ही दिनों बाद उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी यह छोटी-सी इच्छा एक वैश्विक आंदोलन की नींव बन गई। इसी घटना से प्रेरित होकर मेक-ए-विश फाउंडेशन की स्थापना हुई, जिसने समय के साथ एक विशाल रूप ले लिया। आज यह संस्था विश्व के अनेक देशों में सक्रिय है और लाखों बच्चों की इच्छाओं को पूरा कर चुकी है। यह संस्था यह सिद्ध करती है कि एक छोटी-सी पहल भी दुनिया में बड़ा परिवर्तन ला सकती है।

आधुनिक युग में, जब जीवन की गति अत्यंत तेज हो गई है और व्यक्ति अपने स्वार्थों एवं महत्वाकांक्षाओं में उलझा हुआ है, ऐसे में यह दिवस एक चेतना का संदेश लेकर आता है। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हमारी इच्छाएं केवल हमारे लिए हैं, या हम दूसरों के जीवन में भी कुछ रोशनी ला सकते हैं। आज समाज में संवेदनाओं का क्षरण हो रहा है, लोग एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं, और मानवीय संबंधों में औपचारिकता बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में विश्व इच्छा दिवस मानवीय मूल्यों के पुनर्जागरण का अवसर प्रदान करता है। इच्छाएं मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग हैं। वे केवल आकांक्षाएं नहीं, बल्कि जीवन की दिशा और ऊर्जा का स्त्रोत हैं। जब इच्छाएं सकारात्मक होती हैं, तो वे व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं, उसके भीतर आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करती हैं। प्रसिद्ध विचारक एंथोनी स्टे. मारटीन का कथन है कि यदि मनुष्य अपनी सबसे बड़ी इच्छाओं को साकार करने की क्षमता नहीं रखता, तो वह उन्हें सोच भी नहीं सकता। यह विचार इस बात को स्पष्ट करता है कि इच्छाएं हमारे भीतर की संभावनाओं का प्रतिबिंब होती हैं।

विश्व इच्छा दिवस इस सत्य को भी उजागर करता है कि इच्छाएं केवल व्यक्तिगत नहीं होतीं, वे सामाजिक भी होती हैं। एक व्यक्ति की सकारात्मक इच्छा पूरे समाज में परिवर्तन ला सकती है। जब हम किसी बीमार बच्चे की इच्छा पूरी करते हैं, तो हम केवल उसकी खुशी का कारण नहीं बनते, बल्कि उसके परिवार और समाज के लिए भी आशा का स्त्रोत बन जाते हैं। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें देने वाला और पाने वाला दोनों ही समृद्ध होते हैं। वर्तमान समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि हम अपनी इच्छाओं को सकारात्मक दिशा दें। नकारात्मक इच्छाएं जहां व्यक्ति को तनाव और असंतोष की ओर ले जाती हैं, वहीं सकारात्मक इच्छाएं उसे संतुलन, शांति और संतोष प्रदान करती हैं। यही कारण है कि विश्व इच्छा दिवस केवल इच्छाओं की पूर्ति का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सकारात्मक सोच और जीवन दृष्टि का भी उत्सव है।

यदि 2026 के संदर्भ में इस दिवस की भावना को समझा जाए, तो इसे "आशा बांटें, खुशियां जगाएं" के रूप में अभिव्यक्त किया जा सकता है। यह संदेश हमें यह सिखाता है कि हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से भी किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। एक मुस्कान, एक सहयोग, या एक संवेदनशील कदम किसी के लिए जीवन बदल देने वाला अनुभव बन सकता है। इस दिवस का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह हमें सामाजिक भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। हम सभी अपने स्तर पर इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं- चाहे वह आर्थिक सहयोग के माध्यम से हो, स्वयंसेवा के द्वारा हो, या किसी जरूरतमंद बच्चे की पहचान कर उसकी सहायता करने के रूप में हो। आज डिजिटल युग में सोशल मीडिया भी एक सशक्त माध्यम बन गया है, जिसके द्वारा हम इस संदेश को व्यापक स्तर पर फैला सकते हैं।

निश्चिततौर परविश्व इच्छा दिवस हमें यह सिखाता है कि जीवन का वास्तविक अर्थ केवल अपने लिए जीने में नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने में है। जब हम किसी के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तो हम स्वयं भी भीतर से प्रसन्न होते हैं। यही सच्चा आनंद है, यही सच्ची संतुष्टि है। आज जब दुनिया अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह मानसिक तनाव हो, सामाजिक विघटन हो या मानवीय संवेदनाओं का ह्रास-ऐसे समय में यह दिवस आशा की एक किरण बनकर सामने आता है। यह हमें यह विश्वास दिलाता है कि यदि हम चाहें, तो अपने छोटे-छोटे प्रयासों से भी दुनिया को एक बेहतर स्थान बना सकते हैं। इसलिए इस विश्व इच्छा दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम केवल अपनी इच्छाओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दूसरों की इच्छाओं को भी अपना मानेंगे। हम अपने भीतर करुणा, सहानुभूति और सहयोग की भावना को विकसित करेंगे और मानवता के इस सुंदर अभियान का हिस्सा बनेंगे। क्योंकि अंततः एक छोटी-सी इच्छा ही किसी के जीवन में सबसे बड़ा परिवर्तन ला सकती है और यही इस दिवस का सबसे गहरा और सच्चा संदेश है।

वाशिंगटन हिल्टन में इतिहास की पुनरावृत्ति या अमेरिकी लोकतंत्र की कमजोरी?

डॉ. प्रियंका सौरभ

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन के प्रतिष्ठित वाशिंगटन हिल्टन होटल में शनिवार रात हुई गोलीबारी ने पूरी दुनिया को एक बार फिर चौंका दिया। यह केवल सुरक्षा संबंधी घटना नहीं है, बल्कि एक ऐसा क्षण है जिसने इतिहास, राजनीति और लोकतंत्र–तीनों को एक साथ खड़ा कर दिया। व्हाइट हाउस संवाददाता रात्रिभोज के दौरान अचानक गोलियों की आवाज गूंजी, तो वहां मौजूद हजारों लोगों के लिए यह किसी भयावह स्वप्न से कम नहीं रहा। इस कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप, मेलानिया ट्रंप और जेडी वेंस जैसे शीर्ष नेता उपस्थित थे। कुछ ही पलों में उत्सव का माहौल भय और अराजकता में बदल गया। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस की तत्परता ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए, जिनका उत्तर सरल नहीं है।

इस घटना की सबसे चौंकाने वाली और साथ ही डरावनी बात यह है कि यह पहली बार नहीं हुआ। यही होटल, जिसे कभी हिंकली हिल्टन के नाम से भी जाना जाता रहा है, पहले भी अमेरिकी इतिहास की एक बड़ी हिंसक घटना का गवाह रह चुका है। वर्ष 1981 में इसी स्थान के बाहर तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर जॉन हिंकली जूनियर ने गोली चलाई थी। हमले में रीगन गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनके प्रेस सचिव जेम्स ब्रैडी को स्थायी रूप से विकलांगता का सामना करना पड़ा । उस समय भी यही सवाल उठे थे–सुरक्षा में चूक कैसे हुई? और आज, लगभग 45 वर्ष बाद, वही प्रश्न फिर हमारे सामने खड़ा है। फर्क सिर्फ इतना है कि अब दुनिया कहीं अधिक जटिल हो चुकी है और खतरों के स्वरूप भी बदल चुके हैं।

हिल्टन में मौजूद लोगों के अनुसार सब कुछ सामान्य ढंग से चल रहा था। हंसी-मजाक, भाषण, मीडिया और राजनीति का मिश्रण–यह रात्रिभोज हमेशा से अमेरिकी लोकतंत्र की एक अनूठी परंपरा रहा है। लेकिन अचानक हुई गोलीबारी ने इस परंपरा को झकझोर कर रख दिया। लोग मेजों के नीचे छुप गए। अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही क्षणों में पूरा वातावरण नियंत्रण से बाहर होता प्रतीत हुआ। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई बड़ा जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मानसिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह घटना केवल एक सुरक्षा चूक नहीं है, बल्कि यह अमेरिकी समाज में बढ़ते राजनीतिक तनाव का भी संकेत देती है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में वैचारिक ध्रुवीकरण तेजी से बढ़ा है। 6 जनवरी कैपिटल दंगा जैसी घटनाएं यह दिखा चुकी हैं कि राजनीतिक मतभेद अब केवल बहस और विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रह गए हैं। वे सड़कों पर, संस्थानों में और अब उच्च-स्तरीय आयोजनों में भी खुलकर सामने आ रहे हैं। इस संदर्भ में वाशिंगटन हिल्टन की यह घटना एक अलग घटना नहीं लगती, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा प्रतीत होती है। डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति भी इस पूरे परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनकी अमेरिका फर्स्ट और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन जैसी नीतियों ने जहां एक बड़े वर्ग को आकर्षित किया, वहीं दूसरी ओर समाज के एक हिस्से में असंतोष और विरोध भी पैदा किया। मीडिया के साथ उनका टकराव, फेक न्यूज जैसे शब्दों का प्रयोग और राजनीतिक विरोधियों के प्रति तीखी भाषा–इन सबने सामाजिक माहौल को और अधिक संवेदनशील बना दिया। ऐसे में जब कोई हिंसक घटना घटित होती है, तो वह केवल एक व्यक्ति का कृत्य नहीं प्रतीत होती, बल्कि उस व्यापक सामाजिक और राजनीतिक वातावरण का परिणाम लगती है जिसमें असहमति को अक्सर शत्रुता के रूप में देखा जाने लगा है।

सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस को विश्व की सबसे सक्षम सुरक्षा एजेंसियों में गिना जाता है। 1981 की घटना के बाद इसमें कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए– अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग, अधिक प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी, और उन्नत निगरानी प्रणाली। फिर भी इस प्रकार की घटना का होना यह दशार्ता है कि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक आयोजनों में जोखिम को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता। आज के समय में खतरे केवल पारंपरिक हथियारों से नहीं आते, बल्कि वे मानसिक अस्थिरता, ऑनलाइन कट्टरता और व्यक्तिगत निराशा जैसे कारकों से भी जुड़े होते हैं।

इस घटना का एक और महत्वपूर्ण पहलू है –डिजिटल युग और सोशल मीडिया की भूमिका। आज विचारों का प्रसार अत्यंत तेज गति से होता है। गलत जानकारी, षड्यंत्र सिद्धांत और कट्टरपंथी विचारधाराएं कुछ ही समय में लाखों लोगों तक पहुंच जाती हैं। जहां 1981 में जॉन हिंकली जूनियर पर फिल्मों के प्रभाव की चर्चा हुई थी, वहीं आज के समय में हमलावरों पर डिजिटल दुनिया और सोशल मीडिया का प्रभाव अधिक देखा जाता है। यह बदलाव सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां प्रस्तुत करता है, क्योंकि अब खतरे की पहचान करना और उसे समय रहते रोकना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है।

वैश्विक स्तर पर भी इस घटना के प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका को दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र माना जाता है, और वहां होने वाली घटनाएं अन्य देशों के लिए संकेत का काम करती हैं। भारत जैसे देशों के लिए जहां बड़े पैमाने पर राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, यह एक चेतावनी है। केवल तकनीकी रूप से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना पर्याप्त नहीं है, इसके साथ-साथ सामाजिक सौहार्द, संवाद और आपसी विश्वास को भी बढ़ावा देना आवश्यक है।

दैनिक पंचांग

28 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

मंगलवार 2026 वर्ष का 118 वा दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2083 **शक संवत्** 1948
मास वैशाख **पक्ष** शुक्ल
तिथि द्वादशी 18.52 बजे को समाप्त।
नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी 22.36 बजे को समाप्त। **योग** व्याघात 21.05 बजे को समाप्त। **करण** बव 06.31 बजे तदनन्तर बालव 18.52 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 10.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 14° 05'
सूर्य उत्तरायण
कलि अहर्गण 1872693
जूलियन दिन 2461158.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना जिल्काद
तारीख 10
विशेष परशुराम द्वादशी, भौम प्रदोष व्रत।

ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ	समय
सूर्य	मेष में	वृष	06.30 बजे से
चंद्र	कन्या में	मिथुन	08.28 बजे से
मंगल	मीन में	कर्क	10.41 बजे से
बुध	मीन में	सिंह	12.57 बजे से
गुरु	मिथुन में	कन्या	15.09 बजे से
शुक्र	वृष में	तुला	17.20 बजे से
शनि	मीन में	वृश्चिक	19.35 ब.से
राहु	कुंभ में	धनु	21.51 बजे से
केतु	सिंह में	मकर	23.56 बजे से
राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक		कुंभ	01.42 बजे से
		मीन	03.15 बजे से
		मेष	04.46 बजे से

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.51 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.51 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

आंगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा, एक माह में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : उपायुक्त दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आँगनबाड़ी केंद्रों के विद्युतीकरण को लेकर विद्युत विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी आँगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत सुविधा सुनिश्चित करना तथा इस संबंध में प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक के दौरान बताया गया कि पोषण ट्रैकर एप में उपलब्ध अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जिले के कुल 413 आँगनबाड़ी केंद्र अब तक विद्युत सुविधा से वंचित हैं। इस पर गंभीरता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) को निर्देशित किया कि जिन आँगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत सुविधा उपलब्ध हो चुकी है, उनकी जानकारी एक सप्ताह के भीतर पोषण ट्रैकर ऐप में अनिवार्य रूप से अपडेट करें, ताकि वास्तविक स्थिति का सही आकलन किया जा सके। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को विद्युत विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए शेष सभी आँगनबाड़ी केंद्रों का एक माह के भीतर विद्युतीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आँगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत सुविधा उपलब्ध होने से बच्चों एवं महिलाओं को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी और पोषण संबंधी कार्यक्रमों के संचालन में भी सुधार आएगा। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, विद्युत विभाग के अभियंता शंभू नाथ चौधरी, विभिन्न बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

नाइलिट केंद्र एवं भगवान बिरसा मुंडा शिक्षण केंद्र सह पुस्तकालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

पाकुड़ : ज़िले की उपायुक्त, पाकुड़ मेघा भारद्वाज ने पुराना डीसी ऑफिस स्थित नाइलिट केंद्र एवं पोस्ट ऑफिस स्थित भगवान बिरसा मुंडा शिक्षण केंद्र सह पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों में संचालित शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भगवान बिरसा मुंडा शिक्षण केंद्र सह पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय एवं स्वाध्ययन की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपायुक्त ने शिक्षकों से उनकी आवश्यकताओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे केंद्र युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नाइलिट केंद्र के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य पाकुड़ जिले में गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा उपलब्ध कराना, युवाओं के कौशल का विकास करना तथा रोजगार के बेहतर अवसर सृजित करना है।

अमड़ापाड़ा में झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन विस्तार पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

अमड़ापाड़ा : जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सुप्रीमो हेमंत सोरेन के निदेर्शानुसार अमड़ापाड़ा डाक बंगला परिसर में प्रखण्ड अध्यक्ष श्यामलाल हांसदा की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने के उद्देश्य से समिति के पूर्ण गठन तथा प्रत्येक पंचायत में वर्ग समिति के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए बीएलए के गठन और उसकी भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नए सदस्यों को जोड़ने, संगठन विस्तार और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। इस मौके पर पर्यवेक्षक सह केंद्रीय समिति सदस्य विकास मुर्मू एवं जिला उपाध्यक्ष निशा शबनम हांसदा भी मौजूद रहीं। वहीं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में नारायण भगत, संतोष भगत, मंटू भगत, मोहम्मद आफताब आलम, तनवीर आलम, संजीव भगत, जहीरूद्दीन मियां, रानी हांसदा, मेरी हांसदा, धनो मुर्मू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से बैठक में शामिल हुए। बैठक को संगठनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया गया, जिसमें आगामी रणनीति और जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने की दिशा में ठोस निर्णय लिए गए।

पत्नी को पति ने चाकू से मारकर की निर्मम हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के पहाड़गांव में रविवार मध्य रात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक विवाहिता की गला रेतकर और चाकू से मारकर बेरहमी से पति ने निर्मम हत्या कर दिया। मृतका की पहचान मोमेना खातून के रूप में हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पहाड़गांव निवासी जरजीश शेख की पुत्री मोमेना खातून का विवाह करीब चार माह पूर्व बरहरवा थाना क्षेत्र के सेरासीन साहेबडांगा निवासी सानीर शेख के साथ हुआ था। परिजनों का आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी प्रताड़ना से तंग आकर मोमेना पिछले दो महीनों से अपने मायके पहाड़गांव में थी। बीती रात गांव में आयोजित एक जलसा कार्यक्रम से लौटने के बाद मोमेना अपनी छोटी बहन के साथ कमरे में सो रही थी।इसी बीच रात करीब 11:00 बजे उसका पति कमरे में घुस आया। आरोपी मोमेना को खींचकर बरामदे में ले गया और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। छोटी बहन द्वारा शोर मचाए जाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों ने लहूलुहान स्थिति में मोमेना को आनन-फानन में राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित इस टीम में राधानगर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, बरहरवा थाना प्रभारी सुमीत कुमार सिंह व अन्य शामिल थे। पुलिस टीम ने सघन छापेमारी करते हुए आरोपी पति सानीर शेख को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

मिर्जाचौकी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर के धक्के से टूटा रेलवे फाटक, ट्रेन परिचालन प्रभावित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : मिर्जाचौकी रेलवे गेट पर सोमवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बंद रेल गेट में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डाउन जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस के आगमन के समय रेलवे गेट बंद था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने नियंत्रण खोते हुए गेट को धक्का मार दिया, जिससे गेट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन रेल परिचालन प्रभावित गया।

अप धुलयान-भागलपुर मेमो पैसेंजर लगभग 20 मिनट तक मिर्जाचौकी रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही, जबकि डाउन जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर भी विलंब से मिजाचौकी पहुंची। सूचना मिलते ही मिजाचौकी आरपीएफ पोस्ट के जवान राजकुमार और पीएन उपाध्याय मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। रेलवे कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए अस्थायी (इमरजेंसी) रेल गेट लगाकर ट्रेनों का परिचालन पुनः शुरू कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गेट से पहले लगे लाल सिग्नल के बावजूद अधिकांश वाहन चालक नियमों की अनदेखी कर गेट के पास तक वाहन ले जाते हैं। इससे ब्रेक फेल या नियंत्रण बिगड़ने पर ऐसे हादसे होते रहते हैं। लोगों ने रेलवे प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की मांग की है।

तालझारी प्रखंड में 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : जिले के तालझारी प्रखंड मुख्यालय में 27 अप्रैल 2026 को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में गौभक्तों, संत समाज एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में देशी गौवंश (वेदलक्षणा गौमाता) की सेवा, सुरक्षा और राष्ट्रीय सम्मान सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार से केंद्रीय कानून बनाने तथा गौ पालन मंत्रालय की स्थापना की मांग करना है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के नाम एक प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर अपनी मांगों को रखा। प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया गया कि वर्तमान में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है,जिसमें तस्करी, अवैध वध और सड़कों पर उनकी दुर्दशा प्रमुख समस्याएं हैं। आयोजकों का कहना है कि गौवंश केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला भी है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में गो आधारित प्राकृतिक कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में लोगों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं और इस अभियान से जुड़कर गौवंश के संरक्षण और सम्मान के लिए अपनी आवाज बुलंद करें। कार्यक्रम समापन के पश्चात उपस्थित सदस्यों के द्वारा सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर बजरंगी महतो, ओमल कुमार मंडल, शेखर कुमार महतो, श्रीराम महतो, मुन्ना पाण्डेय, अमित कुमार,अशोक कुमार डीके स्टार आदि उपस्थित थे।

वेतन/पेंशन मद में राशि निकासी को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पाकुड़ : ज़िले में सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, रांची के प्रासंगिक पत्र के आलोक में विपत्रों के माध्यम से वेतन / पेंशन मद में राशि निकासी के संबंध में आवश्यक सावधानियां बरतने हेतु उपायुक्त, पाकुड़ मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने वेतन एवं पेंशन मद में राशि निकासी के दौरान वित्तीय नियमों एवं विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कोषागार के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कहा कि सभी अभिलेखों एवं भुगतान संबंधी डेटा का पूर्ण मिलान किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सतर्कता बनाए रखें, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या अनियमितता की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि वित्तीय कार्यों में जवाबदेही एवं अनुशासन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन समय पर अपने कार्यालय पहुंचे तथा कार्यालय संचालन में अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने सप्ताह में दो दिन आम जनता से मिलने के लिए दिन एवं समय निर्धारित करने का निर्देश दिया, ताकि आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने अंचलाधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि जीएम लैंड, गोचर भूमि एवं पोखरों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने दें। उन्होंने कहा कि किसी भी पोखर को भरने अथवा अतिक्रमण की स्थिति पाए जाने पर संबंधित अंचलाधिकारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी छोटा या बड़ा मामला सामने आने पर इसकी सूचना तत्काल अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराई जाए। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी सरकारी कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। सभी विकास योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे सभी सरकारी कार्यों की अद्यतन जानकारी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवश्य होनी चाहिए, ताकि योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके।

एक नजर

अज्ञात महिला का शव तालाब से बरामद जांच में जुटी पुलिस

साहिबगंज : राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 2 के नील कोठी, तीनपहाड़ मोड़ के पास सोमवार को पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार तालाब के आसपास के मोहल्ले में रहने वाले लोगों को तालाब की ओर से दुर्गंध आ रहा था। तभी कुछ लोगों ने तालाब के आसपास जाकर देखा तो एक लगभग 40 वर्ष की एक महिला का शव तालाब में तैरता हुआ दिखाई पड़ा। उक्त बातें आग की तरह चारों तरफ फैल गया और आसपास के लोग तालाब के पास जमा हो गए। जिसकी सूचना लोगों के द्वारा थाना पुलिस को दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना के एस आई महादेव उरांव, ए एस आई दीवान कुमार निराला दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर नगर पंचायत के कर्मियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। वार्ड नंबर 2 के पार्षद अनिता बसाक एवं अन्य लोगों के द्वारा महिला का पहचान किए जाने की कोशिश किया गया लेकिन महिला का पहचान नहीं हो पाया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। जहां 72 घंटे के लिए शव मोर्चरी में रखा गया है। खबर लिखे जाने तक पहचान नहीं हो पाई थी। थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में उक्त महिला का पहचान के लिए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। फिलहाल शव को मोर्चरी में रखा गया है। तालाब में गिरने से या डूबने से मौत होने की संभावना है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। मामले की छानबीन की जा रही है।

टाटानगर में लोको पायलट की गोली मारकर हत्या

पूर्वी सिंहभूम : बागबेड़ा थाना क्षेत्र स्थित लोको रनिंग रूम के पास देर रात अज्ञात अपराधियों ने एक लोको पायलट को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान ज्ञानेंद्र कुमार गौतम के रूप में हुई है, जो सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा हैं। घटनास्थल से पुलिस ने खोखा बरामद किया है और जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात ज्ञानेंद्र कुमार गौतम टाटानगर रेलवे स्टेशन स्थित लॉबी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे दो अपराधी बाइक पर सवार होकर पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमलावरों द्वारा चलाई गई गोलियां सीधे उनके सीने में लगीं, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गोली के निशान पाए गए। गंभीर रूप से घायल होने के कारण मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

पत्नी की हत्या में सजा काटकर लौटे व्यक्ति ने की भाभी की हत्या

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतनगर ओपी के कासिया गांव में पत्नी की हत्या के मामले में सजा काटकर हाल ही में जेल से बाहर आए एक व्यक्ति ने अपनी भाभी की हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत, आक्रोश और शोक का माहौल है। मृतका की पहचान 56 वर्षीय पार्वती भूमिज के रूप में हुई है। उनके बेटे शंकर भूमिज ने बताया कि रविवार देर शाम उनकी मां घर में थीं, तभी आरोपित दुलाई भूमिज ने उन पर डंडे से हमला कर दिया। हमला इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद जब परिजन कमरे में पहुंचे, तो पार्वती भूमिज मृत अवस्था में पड़ी थीं। शुरूआत में परिवार को लगा कि उनकी सामान्य मौत हुई है, लेकिन जब गर्दन और गाल पर गहरे चोट के निशान दिखाई दिए, तो मामला संदिग्ध लगने लगा। इसके बाद हत्या की आशंका जताई गई।

संक्षिप्त खबरें

अस्मिता सिटी लीग 2026 के दूसरे दिन महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

पाकुड़ : ज़िले में अस्मिता सिटी लीग 2026 के दूसरे दिन महिला खिलाड़ियों का जोश, उत्साह और खेल भावना देखने लायक रही। प्रतियोगिता में फुटबॉल, साइकिलिंग एवं कबड्डी खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। फुटबॉल मुकाबलों में महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन समन्वय, टीम वर्क और तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ मैदान में उतरकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। हर मुकाबला रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहा। साइकिलिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तेज गति, संतुलन और सहनशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी क्षमता का प्रभावशाली परिचय दिया। कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की फुर्ती, ताकत, रणनीति और टीम भावना ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रत्येक मुकाबला बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिससे खेल का स्तर और भी ऊँचा नजर आया। खिलाड़ियों के जोश और संघर्ष ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बना दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना एवं उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी खिलाड़ियों ने पूरे जोश, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सभी कोच, तकनीकी पदाधिकारी एवं जिला खेल कार्यालय के कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी दिनों में भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

मॉडल कॉलेज राजमहल में डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2025 का हुआ शुभारंभ

साहिबगंज : जिले के राजमहल प्रखंड के मॉडल कॉलेज में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर परीक्षा 2025 का शुभारंभ 27 अप्रैल 2026 को मॉडल कॉलेज राजमहल, परीक्षा केंद्र पर हुआ। परीक्षा के प्रथम दिन विभिन्न शाखाओं के कुल 258 छात्र नामांकित थे, जिनमें से 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मॉडल कॉलेज राजमहल, के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने परीक्षा से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा पूर्णतः कदाचारमुक्त वातावरण में आयोजित की जाएगी। यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते या मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होकर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में परीक्षा देने की अपील की। परीक्षा पर्वेक्षक दिलीप कुमार पाल ने भी परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया।

आरपीएफ ने तीन नाबालिग लड़कियों का सकुशल रेस्क्यू कर,बाल संस्था मंथन को सुपुर्द किया

साहिबगंज : मालदा रेलवे मंडल अंतर्गत बरहरवा आरपीएफ ने स्टेशन में बीते दिनों 26 अप्रैल 2026 को इंस्पेक्टर/बरहरवा संजीव कुमार के पर्यवेक्षण में, कांस्टेबल/अनिल कुमार साह, हेड कांस्टेबल/नवीन यादव एवं आराधना मंडल (बाल मंथन संस्थान, बरहरवा) के साथ बरहरवा रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी, एवं अन्य संबंधित अपराधों के विरुद्ध छापेमारी एवं सर्च अभियान चलाया गया। वहीं अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1 स्थित पार्सल ऑफिस के पास 03 नाबालिग लड़कियां बिना किसी सामान के संदिग्ध अवस्था में इधर-उधर घूमती दिखाई दी। पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी उम्र 17, 15 और 14 साल बताया और पूछे ताछ करने पर बताया कि वे लोग थाना बरहरवा, जिला साहिबगंज (झारखंड) कि रहने वाली है। आगे की पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे लोग समय 15:00 बजे घर में बिना किसी को बताए घर से निकली थी और बरहरवा रेलवे स्टेशन से दिल्ली जाने वाली थी, जहां घरों में बच्चों की देखभाल (घरेलू कार्य) करने का कार्य करती।तीनों नाबालिक लड़कियों के अभिभावकों से फोन के माध्यम से संपर्क करने पर पता चला कि वे तीनों शाम 03:00 बजे से बिना सूचना के घर से गायब है और सभी ने अपना-अपना मोबाइल फोन को स्विच ऑफ कर रखा है और वे लोग शाम से ही लड़कियों को खोज रहे है। तदोपरांत तीनों नाबालिग लड़कियों को आराधना मंडल (बाल मंथन संस्थान) के माध्यम से इंस्पेक्टर/बरहरवा द्वारा अभिरक्षा में लेकर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया। वहीं सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत, तीनों नाबालिग लड़कियों को अग्रिम आवश्यक कार्रवाई हेतु आराधना मंडल, बाल मंथन संस्थान बरहरवा को सुपुर्द कर दिया गया।

ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल के छात्र ने जिला ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया

साहिबगंज : मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में मंडल निरंतर शैक्षणिक, खेल एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित कर रहा है। ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज के कक्षा दसवीं के छात्र पियूष कुमार ने चेस फॉर वर्ल्ड पीस साहिबगंज जिला ओपन रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप (ए) 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं मंडल दोनों का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 25 अप्रैल 2026 को सेंट जेवियर्स स्कूल, कोटालपोखर, बरहरवा में साहिबगंज जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित की गई थी। जूनियर बालक वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने उत्कृष्ट रणनीतिक कौशल एवं एकाग्रता का प्रदर्शन किया तथा 4 राउंड में 3.5 अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल किया। मालदा मंडल इस होनहार छात्र को हार्दिक बधाई देता है तथा उसके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी प्रतियोगिताओं में निरंतर सफलता की कामना करता है।

आईजी की अध्यक्षता में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था पर हुई उच्चस्तरीय बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में शैलेंद्र कुमार सिन्हा, पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटा नागपुर प्रक्षेत्र, बोकारो के द्वारा बोकारो जोन के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारीयों के साथ जिले में अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था को देखते हुए बैठक किया गया। बैठक में विगत 6 माह में जितने भी महत्वपूर्ण अपराधिक घटनाएं घटित हुई है उन सभी सभी कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिए गए। महिला अपराध संबंधी जितने भी कांड लंबित है उन कांडों को 60 दिन के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है। जिले में जितने भी नक्सल से संबंधित कांड लंबित है उन सभी कांडों को समीक्षा कर यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

जिले में जितने भी जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। जिले में प्रत्येक दिन एंटी क्राइम चेकिंग करने का निर्देश दिया गया है। स्कूल कॉलेज के समीप जितने भी छोटे-छोटे दुकान संचालित है उन सभी दुकानों में ड्रग्स की छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। वैसे गिरोहों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सीसीए के तहत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ CCA एवं NSA के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिले में साइबर अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया है। मौके पर अंजनी कुमार झा, पुलिस उप-महानिरीक्षक ऊछो क्षेत्र, हजारीबाग, अमन कुमार, पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग। प्रभात कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद, नाथू सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक बोकारो, डॉ विमल कुमार, पुलिस अधीक्षक गिरिडीह, मुकेश लुनायत, पुलिस अधीक्षक रामगढ़। अनिमेष नैथानी, पुलिस अधीक्षक, चतरा, कुमार शिवाशीष पुलिस अधीक्षक कोडरमा। अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय हजारीबाग,अमित आनंद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर, हजारीबाग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

एक नजर

पूर्व पंचायत समिति सदस्य की हत्या जांच में जुटी पुलिस

खूंटी : खूंटी जिले के सोयको थाना क्षेत्र में पूर्व पंचायत समिति सदस्य बुद्धदेव मुंडा उर्फ बुधु मुंडा की अज्ञात अपराधियों ने हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को उनका शव गांव से करीब चार किलोमीटर दूर नदी में स्थित एक चट्टान के पास से बरामद किया। मृतक बलंगा, बारेडीह गांव के निवासी थे और स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली व्यक्ति माने जाते थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बुद्धदेव मुंडा शुक्रवार से लापता थे। उनके अचानक गायब होने के बाद परिजन और पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटे हुए थे। इसी बीच रविवार को नदी में एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही सोयको थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फिर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुद्धदेव मुंडा दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और पूर्व में जेल भी जा चुके थे। हालांकि, हत्या के पीछे के कारणों का अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही हत्या के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी।

चलते ट्रेलर का चक्का निकलकर ट्रक चालक को लगा, मौत

पूर्वी सिंहभूम : सरायकेला-खरसावां जिला स्थित चांडिल थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली घटना सामने आई। टोल ब्रिज के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर का चक्का अचानक निकल गया और सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को जा लगा। चक्का इतनी तेजी से उछलकर आया कि व्यक्ति को संभलने तक का मौका नहीं मिला और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आंध्र प्रदेश के मिरियाल शिवा कृष्णा (36) के रूप में हुई है, जो पेशे से ट्रक चालक था। वह आंध्र प्रदेश के चल्ला पाली स्थित कृष्णा नगर का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शिवा कृष्णा मछलियों से भरा ट्रक लेकर चांडिल आया था और माल खाली करने के बाद टोल ब्रिज के पास अपने वाहन को खड़ा कर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान सड़क से गुजर रहे एक ट्रेलर का पहिया अचानक निकलकर तेज गति से उछलता हुआ सीधे उसके सिर से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा और कुछ ही क्षणों में उसकी मौत हो गई। घटना इतनी अचानक हुई कि आसपास मौजूद लोगों को कुछ समझने का मौका तक नहीं मिला। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चांडिल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

डीसी ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

लातेहार : लातेहार डीसी संदीप कुमार ने सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. मौके पर अपर समाहर्ता रामारवि दास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी व अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक मौजूद थे। इस दौरान डीसी ने ओटी, ओपीडी और अस्पताल के अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीयू में भर्ती महिला अनारी देवी से मुलाकात की। इस दौरान डीसी ने सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो को मरीज को रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

डिज्नीलैंड मेले का यासमीन निशा ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित शांति सेवा सदन के सामने डिज्नीलैंड मेले का बड़कागांव पश्चिमी पंचायत जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने फीता काटकर एवं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। मेले में एक से बढ़कर एक झूला एवं कई आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं। मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा सुनीता देवी, रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक सोनी,मुखिया संघ अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, मुखिया विमला देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि इब्राहिम आलम, सोनू इराकी,जानिसार आलम, बसंत नारायण सिंह रामसेवक महतो,लखेंद्र ठाकुर, आनंद मेहता, प्रवेज आलम, नौशाद आलम, शांति सेवा सदन प्रोपराइटर विवेक सोनी, नरेंद्र राम सुरेंद्र सोनी व अन्य उपस्थित थे।

भ्रामक वीडियो से नहीं, ठोस उपायों से सुलझे यात्रियों की समस्याएं : समिति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम : टाटानगर रेलवे स्टेशन से जुड़े हालिया घटनाक्रम को लेकर रेल यात्री संघर्ष समिति ने सोमवार को रेलवे प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। समिति का आरोप है कि यात्रियों की वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करने के बजाय रेलवे अस्पष्ट और संदिग्ध वीडियो जारी कर भ्रामक माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है। इसे लेकर समिति ने विधायक सरयू राय के यहां बैठकर आगे की रणनीति तय की है। समिति के संयोजक शिवशंकर सिंह के नेतृत्व में सुबोध श्रीवास्तव और अजय कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि रेलवे की ओर से जारी किए गए

वीडियो में न तो समय का स्पष्ट उल्लेख होता है और न ही यह जानकारी दी जाती है कि वीडियो में दिख रहे यात्री कौन हैं, किस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं या किस रूट पर जा रहे हैं। ऐसे में इन वीडियो की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। समिति का कहना है कि यह तरीका वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटकाने का प्रयास है, जो निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। समिति ने बताया कि टाटानगर सहित आसपास के रेलखंडों पर लंबे समय से ट्रेनों की लेटलतीफी, अनियमित परिचालन और अव्यवस्था की समस्या बनी हुई है। कई महत्वपूर्ण ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौकरीपेशा लोग, छात्र, मरीज और व्यापारी वर्ग इस स्थिति से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

बच्चों की सुरक्षा पर प्रशासन सख्त स्कूल वाहनों की सघन जांच शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम : जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोमवार से विशेष जांच अभियान की शुरूआत की गई। परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग ने यह अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य स्कूल बसों और अन्य छात्र परिवहन वाहनों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है। जिला परिवहन पदाधिकारी गौतम कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सोमवार को विभिन्न स्कूलों की बसों की गहन जांच की। इस दौरान डीपीएस स्कूल और संत जेवियर स्कूल की बसों सहित कई निजी वाहनों का निरीक्षण किया गया, जो बच्चों को लाने-ले जाने में उपयोग हो रहे थे। जांच टीम में मोटर यान

निरीक्षक नेल्सन तिर्की, सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारी और कर्मी भी शामिल थे।

निरीक्षण के दौरान वाहनों के सभी जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। बीमा, फिटनेस प्रमाण पत्र, वाहन कर, प्रदूषण प्रमाण पत्र, परमिट और ओवरलोडिंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। जिन वाहनों में किसी प्रकार की कमी पाई गई, उन्हें तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए, वहीं नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

अधिकारियों ने स्कूल बसों में सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी विस्तृत निरीक्षण किया। यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक बस के आगे और पीछे स्पष्ट रूप से स्कूल बस अंकित हो। बसों में प्राथमिक उपचार पेटी, अग्निशमन यंत्र, खिड़कियों पर सुरक्षा जाली, स्कूल का नाम और संपर्क नंबर लिखा होना अनिवार्य बताया गया।

गौसम्मान अभियान के तहत चौपारण में पदयात्रा, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चौपारण : राष्ट्रव्यापी गौसम्मान अभियान के तहत सोमवार को चौपारण में गौभक्तों ने भव्य पदयात्रा एवं सामूहिक संकीर्तन के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, झारखंड के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम की शुरूआत चैथी मोड़ से हुई, जहां से बड़ी संख्या में गौभक्त पदयात्रा करते हुए प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए क्षेत्र में गौ रक्षा एवं गौ सम्मान का संदेश दिया। रास्ते में गौपालकों और आमजनों को जागरूक करते हुए गौसम्मान अभियान का पत्रक वितरित किया गया। साथ ही समर्थन पत्रक पर लोगों के हस्ताक्षर भी लिए गए, जिन्हें चारों ज्ञापनों के साथ संलग्न किया गया। गौभक्तों ने ज्ञापन के

माध्यम से गौ संरक्षण, गौवंश सुरक्षा तथा गौ आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की मांग उठाई। कार्यक्रम में सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के कई कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर पंकज वर्णवाल, सोनू साव, रौशन गुप्ता, प्रभाकर कुमार, दीपक विश्वकर्मा, विकास कुमार, बबलू साव, अरविंद सिंह, बबीता देवी, पार्वती देवी, शंभू साव, अभयकांत यादव, प्रेम जी, अजय साव, बिट्टू कुमार, भरत सिंह, अशोक ठाकुर, मुकुंद साव, मोहन यादव, युगल साव, योगेश साव, दीपक कुमार, अंकुश कुमार, विक्रम ठाकुर, रोहित कुमार, सत्यम केशरी, सन्नी कुमार एवं शेखर गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

भीषण गर्मी में गिरिडीह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम लोगों और मजदूरों को राहत प्रदान की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरिया : पूरे झारखंड के साथ-साथ गिरिडीह जिला भी इन दिनों भीषण हीटवेव और चिलचिलाती धूप की चपेट में है। तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। आसमान से बरसती इस 'आग' के बीच, जिला विधिक सेवा प्राधिकार , गिरिडीह आम लोगों के लिए राहत का 'देवदूत' बनकर सामने आया है। सोमवार को झालसा, रांची के निदेर्शानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष उछरअ, श्री मार्तंड प्रताप मिश्रा के आदेश पर एक विशेष राहत अभियान चलाया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सफदर अली नैयर के कुशल नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय

परिसर और जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के बीच ठंडे पानी और ओ आर एस घोल का वितरण किया गया। सोमवार को कोर्ट परिसर में सुबह से ही गहमागहमी थी। गिरिडीह जिले के सुदूरवर्ती और अत्यंत ग्रामीण क्षेत्रों से आए पक्षकारों के लिए यह भीषण गर्मी किसी सजा से कम नहीं थी। पानी के अभाव में उनकी हालत खराब हो रही थी। इसे देखते हुए, उछरअ के सचिव सफदर अली नैयर ने खुद मोर्चा संभाला और कोर्ट परिसर में ही पानी पीने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की। साथ ही, ग्रामीणों और पक्षकारों के बीच बड़ी संख्या में डफर पैकेट का वितरण किया गया, ताकि निर्जलीकरण से बचा जा सके। इसके तुरंत बाद, राहत टीम ने कोर्ट की चारदीवारी से बाहर निकलकर शहर के प्रमुख चौराहों पर अभियान चलाया। इस तपती धूप में अपनी ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, सड़कों पर खून-पसीना बहा रहे रेहड़ी-पटरी वालों, रिक्शा चालकों और दिहाड़ी मजदूरों को रोक-रोकर ठंडा पानी पिलाया गया और उन्हें डफर के घोल दिए गए। राहत पाकर मजदूरों और पुलिसकर्मियों के चेहरों पर सुकून साफ देखा जा सकता था। उछरअ ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम सिर्फ शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले के विभिन्न सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पारा लीगल वोलंटीयर्स के माध्यम से इसी तरह का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचे। इस महा-अभियान को सफल बनाने में प्रशासनिक और न्यायिक तालमेल की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। गिरिडीह के सिविल सर्जन ने इस पहल को सराहा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से डफर पैकेट व अन्य जरूरी सहयोग उपलब्ध कराया। वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के समर्पित पारा लीगल वोलंटीयर्स (ढछश२) ने पूरी निष्ठा के साथ फील्ड में उतरकर चिलचिलाती धूप में पानी और डफर का वितरण सुनिश्चित किया। कोर्ट के अन्य कर्मियों ने भी इस नेक काम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

संक्षिप्त खबरें

उपायुक्त से मिला झारखंड आंदोलनकारियों का शिष्टमंडल

चतरा : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल सोमवार को चतरा के उपायुक्त रवि आनंद से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और आंदोलनकारियों से जुड़ी लंबित मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलनकारियों के सम्मान, पहचान और लंबित मामलों के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मुलाकात के दौरान शिष्टमंडल ने सामाजिक, प्रशासनिक और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों के योगदान को उचित सम्मान दिलाने, उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी स्तर पर आवश्यक पहल करने की मांग रखी। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश देने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी मई माह में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने की दिशा में पहल की जाएगी। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष कैलाश सिंह, जिला सचिव यदुनंदन पांडेय, सचिव शुगन साव, सलेंद्र सिंह, संगीता पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

चौपारण में जनगणना 2027 की तैयारी तेज, प्रगणकों-पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

चौपारण : प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर की देखरेख में सोमवार को केबीएसएस प्लस टू हाई स्कूल चौपारण में जनगणना 2027 के तहत प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत आगामी 16 मई से 14 जून तक मकान सूचीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस कार्य के लिए नियुक्त सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के पहले बैच का प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि केबीएसएस चौपारण में कुल आठ बैचों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक बैच को तीन-तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के लिए कुल नौ दिनों का प्रशिक्षण निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान 16 मई से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण कार्य को डिजिटल माध्यम से किस प्रकार संपन्न किया जाएगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रखंड में जनगणना कार्य के लिए कुल 332 प्रगणक एवं 54 पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किए गए हैं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक अनिल राणा, प्रशिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, मो. कैसर आलम, सुरेंद्र कुमार दास, कमलेश कुमार कमल, मनोज कुमार रवि, राजा राम रवि सहित बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में नामांकन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक

बरही : देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से लेकर ग्यारहवीं तक नामांकन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। विद्यालय में कक्षाएं पहले से ही सुचारु रूप से शुरू हो चुकी हैं, जिसके चलते अब नामांकन प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के नामांकन के बाद अब कुछ ही सीटें शेष रह गई हैं। ऐसे में जो अभिभावक अभी तक निर्णय नहीं ले पाए हैं, उनके लिए यह अंतिम अवसर साबित हो सकता है। विद्यालय में कक्षा ग्यारहवां के विद्यार्थियों को शुरूआत से ही बोर्ड पढ़ाई के साथ-साथ जी मेंस, नीट, सीएलएटी, सीईयूटी एवं एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाएं, टेस्ट एवं मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। इस दौरान प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और पढ़ाई अपने निर्धारित क्रम में चल रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी देर से जुड़ते हैं, उन्हें पढ़ाई में तालमेल बैठाने में कठिनाई हो सकती है। अभिभावकों से अपील है कि वे 30 अप्रैल से पहले नामांकन सुनिश्चित करें। वहीं विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि यह अंतिम चरण है और सीटें बहुत सीमित हैं। हम चाहते हैं कि अभिभावक अंतिम समय का इंतजार न करें, क्योंकि सही समय पर लिया गया निर्णय ही बच्चों के भविष्य को नई दिशा देता है।

ट्रेनों की लेटलतीफी पर घिरे रेलवे ने जल्द सेवा सुधार की कही बात

पूर्वी सिंहभूम : चक्रधरपुर रेल मंडल में ट्रेनों की लगातार देरी को लेकर बढ़ते जनआक्रोश और सरयू राय के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को रेलवे प्रशासन ने पहली बार अपनी स्थिति स्पष्ट की। टाटानगर में आयोजित प्रेस वार्ता में सीनियर डीसीएम आदित्य चौधरी ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में ट्रेनों के परिचालन में सुधार दर्ज किया गया है और देरी को कम करने के लिए कई स्तरों पर लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले औसतन 120 मिनट तक विलंबित चल रही ट्रेनें अब 60 से 90 मिनट के भीतर नियंत्रित की जा रही हैं। रेलवे का लक्ष्य इसे और घटाकर 15 से 20 मिनट तक लाना है। आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में लगभग 65 प्रतिशत ट्रेनें समय पर चल रही हैं, जबकि 35 प्रतिशत ट्रेनों में देरी बनी हुई है। इसकी प्रमुख वजह अन्य रेल मंडलों से ट्रेनों का पहले से विलंबित होकर आना बताया गया है, जिसका सीधा असर पूरे परिचालन पर पड़ता है। रेलवे अधिकारियों ने यह भी स्वीकार किया कि अनावश्यक चेन पुलिंग बड़ी समस्या बनी हुई है। मंडल में रोजाना 05 से 10 ट्रेनों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिससे कई ट्रेनों का शेड्यूल प्रभावित होता है। इसके अलावा ट्रैक मेंटेनेंस के लिए लिए जा रहे ब्लॉक और भारी रेल यातायात भी समयबद्ध संचालन में बाधा बनते हैं। 26 अप्रैल के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया कि उस दिन 47 यात्री ट्रेनें और 67 मालगाड़ियां (अप-डाउन मिलाकर) संचालित हुई, जिससे नेटवर्क पर दबाव स्पष्ट होता है।

संक्षिप्त डायरी

सड़क हादसे में बाल-बाल बचे सिविल सर्जन, सिर में लगे टांके

पटना (एजेंसी) मोतिहारी के सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार सिंह की गाड़ी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गयी है. हादसे में सिविल सर्जन के सिर में गंभीर चोट आई है. गाड़ी में मौजूद अन्य लोगों को भी चोट आई है. स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है. पूर्वी चंपारण के स्वास्थ्य महकमे से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां सिविल सर्जन का वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया. इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हलचल मच गई है. जानकारी के अनुसार, डॉ. दिलीप कुमार सिंह पटना से एक मीटिंग में शामिल होकर मोतिहारी लौट रहे थे. इसी दौरान मुजफ्फरपुर के मोतीपुर के पास नेशनल हाईवे पर उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. सिर में लगे टांके हादसे में डॉ. दिलीप कुमार सिंह को सिर में गंभीर चोट लगी है. बताया जा रहा है कि उनके सिर पर गहरी चोट आई, जिसके बाद उन्हें तुरंत मोतीपुर के अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए सिर में टांके लगाए. फरवरी 2026 में ग्रहण किया पदभार अस्पताल प्रबंधक कौशल किशोर दुबे ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गाड़ी में सिविल सर्जन के अलावा उनका एक सहायक और चालक भी सवार था. सहायक को हल्की चोटें आई हैं, जबकि चालक सुरक्षित बताया जा रहा है. घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार डॉक्टरों के संपर्क में हैं और उनके स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है. बता दें, डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने फरवरी 2026 में ही पूर्वी चंपारण के सिविल सर्जन का पद संभाला था.

बिहार में मगध मेडिकल अस्पताल की नर्सिंग छात्राओं का अश्लील वीडियो वायरल

पटना (एजेंसी) गयाजी में मगध मेडिकल अस्पताल में नर्सिंग छात्राओं का अश्लील वीडियो वायरल होते ही खूब हंगामा हुआ. जीएनएम और बीएससी नर्सिंग ट्रेनिंग परिसर में देर रात हाई वोल्टेज ड्रामा चला. छात्राओं का आरोप है कि उनके साथ पढ़ाई कर रहे लड़कों ने ही सोशल मीडिया पर वीडियो डाला. गयाजी जिले के मगध मेडिकल अस्पताल में जीएनएम और बीएससी नर्सिंग ट्रेनिंग परिसर में रविवार की देर रात हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. यहां नर्सिंग की छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाया है. छात्राओं का आरोप है कि उनका अश्लील वीडियो बनाकर, उसी परिसर में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है. मामले को लेकर पीड़ित छात्राएं देर रात थाने पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज करवाई. क्या है पूरा मामला? गया मगध मेडिकल अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम और बीएससी नर्सिंग ट्रेनिंग में पढ़ाई कर रही छात्राओं ने आरोप लगाया है कि उनका निजी और आपत्तिजनक वीडियो, जो बिना उनकी जानकारी के बनाई गई, उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया. छात्राओं का आरोप है कि यह काम उन्हीं के साथ पढ़ रहे छात्रों ने किया है. जैसे ही वीडियो वायरल होने की बात सामने आई, अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई. देर रात तक माहौल तनावपूर्ण रहा. छात्राओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था. थाने में शिकायत दर्ज पीड़ित छात्राओं ने हिम्मत जुटाते हुए देर रात ही संबंधित थाने में पहुंचकर लिखित आवेदन दिया. उन्होंने मांग किया कि आरोपी छात्रों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और वायरल वीडियो को सोशल मीडिया से हटाया जाए. पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही. अस्पताल प्रशासन ने क्या कहा? मगध मेडिकल अस्पताल के अधीक्षक और ट्रेनिंग सेंटर के प्राचार्य ने इस घटना की पुष्टि की और उन्होंने कहा, छात्राओं की शिकायत हमारे संज्ञान में आया है मामले की जांच कराई जाएगी

बिहार में 21 जगहों पर बनेंगे जल स्टेशन

पटना (एजेंसी) बिहार में अब एक जिले से दूसरे जिले में जाने के लिए पानी के रास्ते सफर होगा. राज्य के 11 जिलों में लगभग 21 जल स्टेशन बनाए जायेंगे. ऐसे में भागलपुर जाना हो या फिर पश्चिम चंपारण, इसके लिए बस और ट्रेन के अलावा जल मार्ग भी लोगों के पास ऑप्शन होगा. बिहार में रोड, ट्रेन और हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कई पहल किए जा रहे हैं. इस बीच अब सफर पानी के रास्ते भी तय किया जा सकेगा. यानी कि अब बिहार में जल मार्ग के जरिए कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है. इसके लिए बिहार के 11 जिलों को चुना गया है. इन 11 जिलों के 21 जगहों पर जल स्टेशन बनाए जायेंगे. इन दो नदियों के जरिए होगा सफर पटना से भागलपुर जाना हो या फिर पश्चिम चंपारण जाना हो, इसके लिए जल मार्ग से सफर कर सकेंगे. जानकारी के मुताबिक, ये जल मार्ग गंगा नदी और गंडक नदी के घाट पर बनाया जा रहा है. इसमें से 5 जल स्टेशन पटना जिले में बनाए जायेंगे. दीघा, पानापुर, नासरीगंज, बाढ़ और नकटा दियारा को इसके लिए चुना गया है. फिलहाल, बाढ़ और दीघा में जल स्टेशन बनाया जा रहा है. अब तक कितने जल स्टेशनों का हुआ निर्माण? जानकारी के मुताबिक, 21 जल स्टेशनों में से 18 जिलों में जल स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं. बाकी के बचे जल स्टेशनों का काम जारी है. जल स्टेशनों के बन जाने से लोगों के पास रोड, ट्रेन और हवाई मार्ग के अलावा जल मार्ग का ऑप्शन भी होगा. इतना ही नहीं, यात्री पानी में सफर का मजा ले सकेंगे. यात्रियों को मिलने वाली सुविधाएं पर्यटन विभाग, जल परिवहन की ओर से दी जाएगी.

बारात की खुशियां मातम में बदलीं

पटना (एजेंसी) मधुबनी के बेनीपट्टी में बारात जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई है. अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी है. मृतक बारात में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान हादसा हुआ मधुबनी में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां पलभर में छीन लीं. बारात में शामिल होने निकले दो युवकों की जिंदगी रास्ते में ही खत्म हो गई, जिससे पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है. घटना बेनीपट्टी प्रखंड के अरेर थाना क्षेत्र स्थित पौना मोड़ के पास रविवार देर रात करीब 11 बजे की है. बताया जा रहा है कि एक बाइक पर सवार होकर दो युवक बारात में शामिल होने रहिका जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. दोनों युवकों की मौके पर मौत हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. मृतकों की पहचान धकजरी गांव निवासी 32 वर्षीय झमन राम और 40 वर्षीय अशोक नायक के रूप में हुई है. पुलिस वाहन की तलाश में जुटी घटना की जानकारी मिलते ही अरेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं, सम्राट चौधरी का सभी को कड़ा संदेश

बिहार में अतिक्रमण विरोधी अभियानः मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का सख्त रुख

पटना (एजेंसी) बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अतिक्रमण को लेकर कड़ा संदेश दिया है. उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर बना कोई भी निर्माण नहीं बचेगा, चाहे वह किसी का भी हो. बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अतिक्रमण को लेकर एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है. अपने विधानसभा क्षेत्र तारापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साफ कहा कि राज्य में किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. सरकारी जमीन पर बना हर घर टूट जाएगा. राज्य में जमीन अधिग्रहण का कम चल रहा है. ह्यजब मेरा घर टूट सकता हैह्व सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि हाल ही में अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान उनके घर की सीढ़ी को भी तोड़ दिया. उन्होंने कहा कि जब मेरा घर टूट सकता है, तो किसी और का कैसे बच सकता है. इस बयान के जरिए उन्होंने संकेत दिया कि कानून सभी के लिए एक बराबर है. सरकारी जमीन पर बने निर्माण होंगे ध्वस्त मुख्यमंत्री ने साफ किया कि जिन लोगों के मकान उनकी खुद की जमीन पर बने हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है. लेकिन अगर कोई भी निर्माण सरकारी जमीन पर किया गया है, तो उसे हर हाल में हटाया जाएगा. उन्होंने कहा कि अतिक्रमण राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधा है तब भी पूरे बिहार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था. उस दौरान सड़कों और सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटाने के लिए बुलडोजर चलाए गए थे. हालांकि इस पर आलोचना भी हुई, लेकिन सरकार ने अभियान जारी रखा. अधिकारियों को भी सख्त चेतावनी मुख्यमंत्री ने केवल अतिक्रमणकारियों ही नहीं, बल्कि काम में लापरवाही करने वाले अधिकारियों को भी चेतावनी दी. उन्होंने कहा कि फाइलों को लंबे समय तक लटकाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी. आम लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान सरकार की प्राथमिकता है. गांव-गांव में लगेगा समाधान शिविर सरकार अब पंचायत स्तर पर भी एक्टिव नजर आएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि हर महीने दो दिन पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा. प्रखंड, अंचल और थानों की मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से होगी. सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र तारापुर पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें अपने जन्मस्थान की सेवा करने का मौका मिला है, जो उनके लिए गर्व की बात है.

रजिस्ट्री ऑफिस के रिटायर्ड पेशकार की सड़क हादसे में मौत

पटना (एजेंसी) मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार बस की टक्कर से रिटायर पेशकार सुधीर कुमार वर्मा की मौत हो गई है। घटना के बाद गुस्साए लोग सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं। परिजनों ने मुआवजे की मांग की है. मौके पर पुलिस मौजूद है. मुजफ्फरपुर रजिस्ट्री ऑफिस के सेवानिवत्त (रिटायर) पेशकार सुधीर कुमार वर्मा की सोमवार को एक सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई. हादसा उस वक्त हुआ जब वे अपनी बाइक से सीतामढ़ी के बेलसंड स्थित अपने पैतृक घर से मुजफ्फरपुर की ओर आ रहे थे. इसी दौरान एक तेज रफ्तार बस ने उन्हें बैरिया बस स्टैंड से आगे लीलावती अस्पताल के ठीक सामने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है. गुस्साए लोगों का हंगामा जारी मृतक सुधीर कुमार वर्मा (फाइल फोटो) बता दें, परिजनों और ग्रामीणों के हंगामे के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया है. प्रदर्शनकारी प्रशासन से मुआवजे और बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं. खबर लिखे जाने तक शव सड़क पर ही पड़ा था और गुस्साए लोगों का हंगामा जारी था. पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने और जाम खुलवाने की कोशिश में जुटी है. रजिस्ट्री कार्यालय में शोक की लहर हादसे की सूचना मिलते ही मुजफ्फरपुर रजिस्ट्री ऑफिस के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. अपने पुराने साथी की आकस्मिक मौत से विभाग में शोक का माहौल है. सेक्शन ऑफिसर अमित कुमार ने बताया कि दुखद घटना है. शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच ले जाया गया है.

गरीबी पर कहर बनकर टूटी आंधी, तीन लोग छत के नीचे दबे

पटना (एजेंसी) पश्चिम चंपारण के सेमरवारी गांव में तेज आंधी से घर का छप्पर गिर गया, जिससे महिला और दो बच्चे मलबे के नीचे दब गये. सभी को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. जानिए कैसे बची तीनों की जान पश्चिमी चंपारण में रविवार की रात आई तेज आंधी और बारिश ने कई घरों को नुकसान पहुंचाया है. एक परिवार पर यह बारिश आफत बनकर बरसी, जब घर का छप्पर अचानक भरभराकर गिर पड़ा. मामला मैनाटांड थाना क्षेत्र के सेमरवारी गांव का है. यहां लोरिक यादव के घर का छप्पर तेज हवा के चलते अचानक गिर गया. उस वक्त घर के अंदर उनकी बहू मंतुरा देवी और दो छोटे बच्चे 8 साल के शिवम कुमार और 1 साल के राहुल कुमार सो रहे थे. छप्पर गिरते ही तीनों उसके नीचे दब गए और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. आंधी के बाद गिरा छत का मलबा आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला घटना के बाद घर में चीख-पुकार मच गई. आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और किसी तरह मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला. सभी को जल्दबाजी में इनरवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. समाजसेवी और ग्रामीणों ने की मदद की अपील हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, जिससे परिवार को थोड़ी राहत जरूर मिली है. इधर, स्थानीय समाजसेवी छठू महतो ने प्रशासन को घटना की जानकारी देकर पीड़ित परिवार को सरकारी मदद दिलाने की मांग की है

बिहार में बेटे की बारात से कुछ घंटे पहले पिता को अपराधियों ने मारी गोली, पसरा मातम

पटना (एजेंसी) बिहार के औरंगाबाद जिले से खबर है जहां सोमवार को बेटे की बारात निकलने वाली थी लेकिन इससे पहले पिता को गोली मार दी गई. मामला कुटुंबा प्रखंड के रसोइया गांव के पास का है. गोलीबारी की घटना के बाद मातम पसर गया है. बिहार में इन दिनों शादी का सीजन चल रहा है. ऐसे में औरंगाबाद जिले में भी एक युवक की बारात आज निकलने वाली थी. लेकिन इससे कुछ घंटे पहले ने अपराधियों ने युवक के पिता पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद वह घायल हो गए. यह घटना जिले की कुटुंबा प्रखंड के रसोइया गांव के पास की है. जानकारी के मुताबिक, सुनील पांडे उर्फ अरुण पांडे नामक व्यक्ति को गोली लगी है.क्या है पूरी घटना? सुनील पांडे उर्फ अरुण पांडे पटना में लैब का व्यवसाय करते हैं .उनके बेटे रामकुमार पांडे की शादी पटना जिले के विक्रम थाना इलाके के बलियारी गांव में तय हुई थी. सोमवार की दोपहर बारात विक्रम के लिए निकलने वाली थी. दूल्हे के पिता सुनील पांडे अपने भाई प्रमोद पांडे के साथ दूल्हे का सेहरा सहित अन्य सामान खरीदने बाजार गए हुए थे. सामान लेने के बाद बाइक से वापस गांव लौट रहे थे. इसी दौरान दधपा और रसोईया गांव के बीच पीछे से ओवरटेक कर कार सवार अपराधियों ने उन्हें रुकवा कर गोली मार दी. सुनील पांडे को नाक के पास गोली लगी है. औरंगाबाद सदर अस्पताल से उन्हें इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है. सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

शादी नहीं करने की पहले भी मिली धमकी सदर अस्पताल में इलाजरत सुनील पांडे ने बताया कि जिस जगह पर उनके बेटे की शादी तय हुई है वहां शादी नहीं करने की पहले भी धमकी दी जा चुकी है. शायद अपराधियों का किसी न किसी तरह का कनेक्शन है. वैसे सुनील पांडे और उनके भाई प्रमोद पांडे ने अपराधियों को पहचानने से इनकार कर दिया. साथ ही जानकारी मिली है कि बारात सोमवार को अब नहीं जाएगी.

बिहार में तिलक से लौट रही सवारी बनी हादसे का शिकार, 3 की मौत, 5 घायल

पटना (एजेंसी) बिहार के सारण जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ. ऑटो और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर हो गई. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी लोग तिलक समारोह से लौट रहे थे. सारण जिले के दिघवारा थाना इलाके में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ. ऑटो और स्कॉर्पियो की जोरदार टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. यह मामला छपरा-हाजीपुर मुख्य मार्ग पर सैदपुर गांव के पास का है. तिलक समारोह से लौट रहे थे लोग मिली जानकारी के अनुसार, सभी लोग अवतारनगर थाना इलाके के झौवा बसंत गांव के रहने वाले थे और दिघवारा के मानूपुर गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होकर ऑटो से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान सैदपुर के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इलाज के दौरान तीन की मौत घटना की सूचना मिलते ही दिघवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) दिघवारा पहुंचाया. वहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया. डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया. मृतकों और घायलों की हुई पहचान मृतकों में झौवा बसंत निवासी बृजमोहन मांझी (17), लालझरी देवी (48) शामिल हैं, जबकि एक अन्य मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है. घायलों में शंकर राम (60), रिया कुमारी (15), सुमित्रा देवी (45), वीरेंद्र मांझी (30) और लालमुनि देवी (50) शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना की जांच में जुटी पुलिस

मद्य निषेध विभाग की छापेमारी, दो तस्कर समेत सैकड़ों लीटर शराब बरामद

पटना (एजेंसी) बगहा में मद्य निषेध विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. जांच में कार से 138 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है. बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी बनाने के लिए मद्य निषेध विभाग लगातार कड़े कदम उठा रहा है. इसी कड़ी में रविवार देर शाम बगहा के मदनपुर गांव स्थित सैनिक रोड के पास विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया. गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में टीम ने एक कार से 138 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है. पुलिस ने मौके से दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है. गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई मद्य निषेध विभाग के प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि विभाग को गुप्त जानकारी मिली थी कि यूपी की ओर से एक कार में शराब की बड़ी खेप लायी जा रही है. सूचना मिलते ही मदनपुर के सैनिक रोड के पास घेराबंदी की गई. जैसे ही संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा, टीम ने उसे रोककर तलाशी ली. कार के अंदर छुपाकर रखी गई भारी मात्रा में विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुलिस हिरासत में लिए गए तस्करों की पहचान नवलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले सज्जाद अंसारी और गयासुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है. जांच में पता चला है कि ये तस्कर शराब को स्थानीय बाजारों में खपाने की योजना बना रहे थे. विभाग ने शराब के साथ प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया है. प्रभारी प्रमोद कुमार ने जानकारी दी कि दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम (ए२री अू३) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. सोमवार को आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में बगहा जेल भेज दिया गया है. विभाग अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गया है ताकि शराब तस्करी के सिंडिकेट पर लगाम लगाई जा सके.

महिलाओं के खाते में मई में ट्रांसफर होंगे 20-20 हजार रुपए

पटना (एजेंसी) मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बिहार की महिलाओं को सेल्फ डिपेंडेट बनाया जा रहा है. इसके तहत अब महिलाओं को दूसरी किस्त दी जाएगी. जीविका के अधिकारियों की माने तो, 40 लाख से अधिक महिलाओं का सर्वे हो गया है. बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को पहले 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई. अब उन्हें 20-20 हजार रुपए दिए जायेंगे. मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत दूसरी किस्त देने के लिए 25 अप्रैल को रोजगार की जानकारी देने की तारीख निर्धारित की गई थी. दूसरी किस्त के लिए 20 हजार रुपए देने की यह अंतिम कागजी प्रक्रिया है. इन महिलाओं के अकाउंट में ट्रांसफर होंगे रुपए इसके बाद चिह्नित महिलाओं के खाते में 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए जायेंगे. पांच हजार महिलाओं को खुद का निवेश कर रोजगार शुरू करना होगा. जीविका के अधिकारियों के अनुसार, लगभग 40 लाख से अधिक महिलाओं का सर्वे दूसरी किस्त की राशि देने के लिए किया गया है. मई में महिलाओं के खाते में 20 हजार रुपए ट्रांसफर किए जायेंगे. महिलाओं से मांगे गए ये सभी डॉक्यूमेंट्स जानकारी के मुताबिक, इससे पहले दूसरी किस्त के लिए इच्छुक महिलाओं को दिए गए 10 हजार रुपए का उपयोगिता प्रमाण पत्र, कैश बुक का मेंटेनेंस, व्यवसाय योजना का पालन और ऋण समिति की अनुशंसा की कार्यवाही की गई है. 20 अप्रैल तक लाभार्थियों के डॉक्यूमेंट्स लेकर 22 अप्रैल से आवेदनों को लोन कमेटी की बैठक में स्वीकृति के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की गई. पांच किस्तों में दी जानी है राशि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत कुल पांच किस्तों में दो लाख दस हजार रुपये मिलना है. पहली किस्त की राशि मिल गयी है. दूसरी किस्त में 20, तीसरी में 40, चौथी में 80 हजार और पांचवीं में 60 हजार रुपये की राशि ब्रांडिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के लिए दी जाएगी.

लटकती त्वचा से पाएं निजात

कई महिलाओं को लगता है कि केवल पार्लर ट्रीटमेंट या महंगे प्रोडक्ट्स ही खूबसूरती निखारते हैं, लेकिन सच्चाई इससे काफी अलग है। कई ऐसे पौधे मौजूद हैं जो स्किन के लिए किसी नेचुरल ब्यूटी प्रोडक्ट से कम नहीं। अगर आप लटकी हुई त्वचा या डल फेस से परेशान हैं, तो एक आसान नुस्खा आपकी स्किन को फिर से टाइट और ग्लोइंग बना सकता है।

सबसे पहले ये समझना जरूरी है कि स्किन का लटकना या ढीलापन सिर्फ उम्र के कारण नहीं होता। आजकल 25-30 साल की उम्र में भी लोग स्किन के लटकने की शिकायत करने लगे हैं। इसका कारण है लगातार स्क्रीन टाइम, नींद की कमी, केमिकल बेस्ड क्रीम्स और खराब खानपा।. जब स्किन के नीचे मौजूद कोलेजन कम होने लगता है, तो चेहरे पर कसावट भी घट जाती है। ऐसे में नेचुरल इंग्रीडिएंट्स से स्किन को अंदर से पोषण देना सबसे बेहतर तरीका है।

स्किन को कसने और ग्लो बढ़ाने के लिए सिर्फ तीन चीजों की जरूरत है। तुलसी की पत्तियां, चावल का आटा और मुल्तानी मिट्टी। ये तीनों चीजें मिलकर स्किन को नेचुरल टाइटनिंग देती हैं, साथ ही डार्क स्पॉट्स और झुर्रियों को भी कम करती हैं।

तुलसी की पत्तियां (सूखी और पाउडर के रूप में)
चावल का आटा
मुल्तानी मिट्टी

कैसे तैयार करें फेस पैक?

1. सबसे पहले तुलसी की ताजी पत्तियों को तोड़कर छांव में सुखा लें।
2. सूख जाने पर इन्हें पीसकर महीन पाउडर बना लें।
3. अब इसमें तुलसी पाउडर की मात्रा से 4 गुना ज्यादा चावल का आटा मिलाएं।
4. फिर इस मिक्स में 4 गुना मुल्तानी मिट्टी डालें और अच्छे से मिक्स कर लें।
5. जब भी लगाना हो, इस पाउडर में कच्चा दूध या एलोवेरा जेल मिलाकर पेस्ट बना लें।
6. इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें।
7. समय पूरा होने पर सादे पानी से धो लें।

रोजाना या हफ्ते में 3 बार इसका इस्तेमाल करने से स्किन पर फर्क आने लगेगा।

रील्स से रियल लाइफ तक: मोबाइल की दुनिया में खोती खुशी!

क्या सोशल मीडिया छीन रहा है युवाओं की मुस्कान?

मोबाइल हाथ में आते ही उंगलियां जैसे अपने आप स्क्रीन पर दौड़ने लगती हैं. एक रील खत्म होती है तो दूसरी सामने, फिर स्टोरी, फिर पोस्ट... और देखते-देखते कब एक-दो घंटे निकल जाते हैं, पता ही नहीं चलता. आज के युवाओं के लिए यह सिर्फ टाइमपास नहीं, बल्कि रोज की आदत बन चुकी है, लेकिन इसी आदत के पीछे एक ऐसा सच छिपा है, जो थोड़ा परेशान करने वाला है. हाल ही में आई एक ग्लोबल रिपोर्ट ने इशारा किया है कि ज्यादा सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वाले युवाओं की खुशी और संतुष्टि धीरे-धीरे कम हो रही है. खास बात यह है कि इसका असर सबसे ज्यादा किशोर लड़कियों में देखा गया है.

सोशल मीडिया और खुशी का रिश्ता

आज के दौर में सोशल मीडिया सिर्फ बातचीत का जरिया नहीं रहा, बल्कि यह हमारी सोच, भावनाओं और आत्मविश्वास तक को प्रभावित करने लगा है. रिपोर्ट में साफ तौर पर सामने आया है कि जो किशोर ज्यादा समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, उनमें लाइफ सैटिस्फैक्शन कम देखने को मिलता है. यह जरूरी नहीं कि सोशल मीडिया ही इसका सीधा कारण हो, लेकिन दोनों के बीच एक मजबूत कनेक्शन जरूर दिख रहा है. जिन युवाओं का स्क्रीन टाइम सीमित है, वे खुद को ज्यादा खुश और संतुष्ट महसूस करते हैं. वहीं, लंबे समय तक ऑनलाइन रहने वाले युवाओं में यह स्तर गिरता नजर आता है.

किशोर लड़कियों पर ज्यादा असर क्यों?

रिपोर्ट का सबसे चौंकाने वाला हिस्सा यह है कि 15 साल की लड़कियों में यह असर सबसे ज्यादा देखा गया है. इसका एक बड़ा कारण है सोशल मीडिया पर दिखने वाला 'परफेक्ट लाइफ' का भ्रम. आज इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म पर हर कोई अपनी जिंदगी का सबसे अच्छा हिस्सा दिखाता है. खूबसूरत तस्वीरें, शानदार लाइफस्टाइल, ट्रैवल, ब्रांडेड कपड़े. यह सब देखकर कई बार किशोर लड़कियां खुद की तुलना करने लगती हैं. यही तुलना धीरे-धीरे आत्मविश्वास को कम कर देती है.

सेहत, रिलेशनशिप, लाइफ या धर्म-ज्योतिष से जुड़ी है कोई निजी उलझन तो हमें करें WhatsApp, आपका नाम गोपनीय रखकर देंगे जानकारी.

आखिर युवा देख क्या रहे हैं?

यह सिर्फ इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आप कितना समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, बल्कि यह भी मायने रखता है कि आप वहां क्या देख रहे हैं, अगर कोई यूजर लगातार ऐसे कंटेंट देख रहा है जो दिखावे, ग्लैमर और 'परफेक्ट लाइफ' को बढ़ावा देता है, तो इसका असर मानसिक स्थिति पर पड़ सकता है. वहीं, अगर सोशल मीडिया का इस्तेमाल दोस्तों और परिवार से जुड़ने के लिए किया जाए, तो इसका असर पॉजिटिव भी हो सकता है. आजकल एल्गोरिदम ऐसे कंटेंट को आगे बढ़ाता है, जो ज्यादा एंगेजमेंट लाता है. इसका मतलब है कि यूजर्स को वही चीजें ज्यादा दिखती हैं, जो उन्हें लंबे समय तक स्क्रीन पर रोके रखें. चाहे वह कंटेंट उनके लिए अच्छा हो या नहीं.

किन देशों में दिखा ज्यादा असर?

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे अंग्रेजी भाषी देशों में यह गिरावट ज्यादा देखने को मिली है. पिछले करीब एक दशक में इन देशों के युवाओं की लाइफ सैटिस्फैक्शन कम हुई है. इसके पीछे सिर्फ सोशल मीडिया ही नहीं, बल्कि सामाजिक सपोर्ट भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है. जिन युवाओं को परिवार और समाज से कम सपोर्ट मिलता है, वे ज्यादा असंतुष्ट महसूस करते हैं. दिलचस्प बात यह है कि बाकी दुनिया के कई हिस्सों में युवाओं की खुशी का स्तर बढ़ा है. इससे यह साफ होता है कि सिर्फ डिजिटल दुनिया ही नहीं, बल्कि असली दुनिया में मिलने वाला सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है.

क्या सरकारें उठाने लगी हैं कदम?

इस बढ़ते असर को देखते हुए कई देशों ने बच्चों और किशोरों के सोशल मीडिया इस्तेमाल को लेकर सख्ती पर विचार शुरू कर दिया है. ऑस्ट्रेलिया जैसे देश 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने की दिशा में कदम उठा रहे हैं. यह कदम इसलिए उठाए जा रहे हैं क्योंकि अब यह सिर्फ एंटरटेनमेंट का मामला नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा बन चुका है.

असली समस्या: स्क्रीन टाइम या कंटेंट?

अगर ध्यान से देखें तो मामला सिर्फ स्क्रीन टाइम का नहीं है. असली सवाल यह है कि हम डिजिटल दुनिया में क्या देख रहे हैं और उससे कितना प्रभावित हो रहे हैं. मान लीजिए, एक छात्र रोज घंटों मोटिवेशनल या एजुकेशनल कंटेंट देखता है, तो उसका असर अलग होगा. वहीं, अगर कोई लगातार दूसरों की 'परफेक्ट लाइफ' देखकर खुद को कमतर समझने लगे, तो यह उसकी खुशी को जरूर प्रभावित करेगा.

क्या किया जा सकता है?

इसका हल पूरी तरह सोशल मीडिया छोड़ देना नहीं है, बल्कि इसे समझदारी से इस्तेमाल करना है. कुछ छोटे बदलाव बड़ा फर्क ला सकते हैं-जैसे स्क्रीन टाइम सीमित करना, अपने कंटेंट फीड को कंट्रोल करना और असली दुनिया में ज्यादा समय बिताना. परिवार और दोस्तों के साथ बातचीत, आउटडोर एक्टिविटी और खुद के लिए समय निकालना-ये सब चीजें मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती हैं. सोशल मीडिया आज की जरूरत बन चुका है, लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल धीरे-धीरे युवाओं की खुशी को प्रभावित कर रहा है. खासकर किशोर लड़कियों में इसका असर ज्यादा दिखना चिंता की बात है. ऐसे में जरूरी है कि हम डिजिटल दुनिया और असली जिंदगी के बीच सही संतुलन बनाना सीखें.

रिपोर्ट कार्ड से नहीं खुलेगा राज! पीटीएम में ये सवाल पूछेंगे तो ही समझ आएगी बच्चे की असली ग्रोथ

साल के आखिर में होने वाली पीटीएम यानी पेरेंट टीचर ?मीटिंग को अक्सर माता-पिता सिर्फ रिपोर्ट कार्ड देखने तक सीमित कर देते हैं. कुछ मिनट बैठकर नंबर पूछे, 'ठीक है' कहा और घर लौट आए, लेकिन सच कहें तो बच्चे की असली कहानी नंबरों से कहीं ज्यादा बड़ी होती है. उसकी क्लास में मौजूदगी कैसी है, वह दोस्तों के साथ कैसा व्यवहार करता है, छोटी-छोटी हार-जीत को कैसे संभालता है-ये सब बातें उसके भविष्य की नींव तय करती हैं. यही वजह है कि आखिरी पीटीएम सिर्फ एक फॉर्मेलिटी नहीं, बल्कि बच्चे को समझने का मौका होती है, अगर सही सवाल पूछे जाएं, तो आप बच्चे के इमोशनल, सोशल और बिहेवियरल ग्रोथ की असली तस्वीर जान सकते हैं. इस बार पीटीएम में जाएं तो सिर्फ मार्कशीट नहीं, ये 9 जरूरी सवाल जरूर साथ लेकर जाएं.

कौन-कौन से सवाल जरूर पूछें?

1. क्या मेरा बच्चा क्लास में खुश और सहज रहता है?

यह सबसे बुनियादी सवाल है, लेकिन यहीं से सब शुरू होता है, अगर बच्चा क्लास में सहज नहीं है, तो पढ़ाई पर भी असर पड़ेगा. टीचर से जानिए कि वह स्कूल में खुद को कितना सुरक्षित और खुश महसूस करता है.

2. वह दूसरे बच्चों के साथ कैसे घुलता-मिलता है?

दोस्ती करना भी एक स्किल है. कुछ बच्चे जल्दी घुल-मिल जाते हैं, जबकि कुछ को समय लगता है, अगर बच्चा अलग-थलग रहता है, तो इस पर ध्यान देने की जरूरत है.

सेहत, रिलेशनशिप, लाइफ या धर्म-ज्योतिष से जुड़ी है कोई निजी उलझन तो हमें करें WhatsApp, आपका नाम गोपनीय रखकर देंगे जानकारी.

3. क्या वह ग्रुप में खेलता है या अकेले रहना पसंद करता है?

यह सवाल बच्चे की पर्सनालिटी को समझने में मदद करता है. हर बच्चा अलग होता है, लेकिन लगातार अकेलापन कभी-कभी चिंता का संकेत हो सकता है.

पीटीएम में क्यों जरूरी हैं सही सवाल?

पीटीएम सिर्फ एक मीटिंग नहीं, बल्कि स्कूल और घर के बीच पुल की तरह होती है. यहां टीचर वो बातें बता सकते हैं जो बच्चा घर पर नहीं दिखाता. कई बार बच्चे क्लास में अलग व्यवहार करते हैं-कुछ ज्यादा चुप हो जाते हैं, तो कुछ ज्यादा एक्टिव. अगर आप सही सवाल नहीं पूछते, तो ये जरूरी बातें छूट जाती हैं. और फिर हम सोचते रह जाते हैं कि 'बच्चा बदल क्यों रहा है?'

बच्चे की भावनाओं को समझना भी जरूरी

4. जब चीजें उसके मन मुताबिक नहीं होतीं, तो वह कैसे रिएक्ट करता है?

मान लीजिए बच्चा गेम हार गया या उसकी बारी देर से आई-क्या वह गुस्सा करता है या शांत रहता है? यह उसकी इमोशनल कंट्रोल क्षमता दिखाता है.

5. क्या वह क्लास एक्टिविटीज में हिस्सा लेता है?

क्या बच्चा हाथ उठाकर जवाब देता है या पीछे बैठकर चुप रहता है? इससे उसका आत्मविश्वास साफ झलकता है.

6. क्लास में उसके सबसे करीबी दोस्त कौन हैं?

यह जानना जरूरी है कि बच्चा किन बच्चों के साथ ज्यादा समय बिताता है. उसका सर्कल उसके व्यवहार को काफी प्रभावित करता है.

समस्या सुलझाने की क्षमता भी देखें

7. अगर किसी से झगड़ा हो जाए, तो वह क्या करता है?

क्या बच्चा तुरंत शिकायत करता है, रोने लगता है या खुद बात करके सुलझाने की कोशिश करता है? यह उसकी प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स का संकेत है.

8. क्या वह दूसरों की मदद करता है?

सहानुभूति एक बड़ी खूबी है, अगर बच्चा दूसरों की मदद करता है या उनके प्रति संवेदनशील है, तो यह उसके अच्छे व्यक्तित्व का संकेत है.

9. क्या जरूरत पड़ने पर वह मदद मांगता है?

कई बच्चे शर्म या डर के कारण मदद नहीं मांगते, अगर बच्चा खुलकर अपनी बात रखता है, तो यह उसके आत्मविश्वास को दिखाता है.

सिर्फ नंबर नहीं, पूरी तस्वीर देखें

आज के समय में सिर्फ अच्छे नंबर ही सफलता की गारंटी नहीं हैं. एक बच्चा जो भावनात्मक रूप से मजबूत है, दूसरों के साथ अच्छा व्यवहार करता है और खुद को समझता है-वही आगे जाकर बेहतर इंसान बनता है.

पीटीएम में सही सवाल पूछकर आप अपने बच्चे को बेहतर समझ सकते हैं. यह न सिर्फ उसकी पढ़ाई, बल्कि उसकी पूरी जिंदगी को दिशा देने में मदद करेगा.

वॉशिंग मशीन में रोज कपड़े धोएं या सप्ताह में, इसका सही तरीका क्या हैं?

आज के समय में वॉशिंग मशीन हर घर की एक बेहद खास जरूरत बन चुकी है. लेकिन कई बार एक आम सवाल लोगों के मन में आता है, क्या वॉशिंग मशीन में रोज कपड़े धोना चाहिए या सप्ताह में 2 बार धोना बेहतर होता है? इसका सही जवाब आपकी जीवनशैली, कपड़ों की संख्या और मशीन के रख-रखाव पर निर्भर करती है. आइए इसके पीछे के कारणों को विस्तार से समझते हैं.

रोज़ वॉशिंग मशीन चलाने के फायदे

रोज कपड़े धोने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि कपड़े जमा नहीं होते. जिन परिवारों में बच्चे होते हैं या जिन लोगों को रोज ऑफिस जाना होता है, वहां रोज धुलाई से कपड़े साफ और ताजे रहते हैं.

इसके अलावा, रोज धोने पर कपड़ों पर दाग जमने का खतरा कम रहता है, जिससे कम डिटर्जेंट और कम मेहनत में कपड़े साफ हो जाते हैं. हल्का लोड होने से मशीन पर ज्यादा जोर नहीं पड़ता और वॉश क्वालिटी भी बेहतर रहती है.

रोज़ धोने के नुकसान

हालांकि रोज वॉशिंग मशीन चलाने के कुछ नुकसान भी हैं. सबसे पहला नुकसान है बिजली और पानी की खपत. रोज मशीन चलाने से बिजली का बिल और पानी की खपत बढ़ सकती है.

इसके अलावा, कम कपड़ों के साथ मशीन चलाने से ड्रम और मोटर का सही उपयोग नहीं हो पाता, जिससे लंबे समय में मशीन की कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है. कुछ कपड़े बार-बार धोने से जल्दी पुराने भी दिखने लगते हैं.

सप्ताह में 2 बार मशीन में कपड़े धोने के फायदे

सप्ताह में 2 बार कपड़े धोना कई मामलों में ज्यादा व्यावहारिक और सही माना जाता है. इस तरीके से मशीन को फुल या ऑप्टिमल लोड मिलता है, जिससे पानी और बिजली दोनों की बचत होती है. एक साथ ज्यादा कपड़े धोने से समय की भी बचत होती है और मशीन का उपयोग संतुलित रहता है. साथ ही, यह तरीका पर्यावरण के लिहाज से भी बेहतर माना जाता है.

आईपीएल में आज होगा पंजाब और रॉयल्स में मुकाबला

चंडीगढ़ (एजेंसी)। आईपीएल में यहां मंगलवार को पंजाब किंग्स की टीम का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स का लक्ष्य अपनी घरेलू मैदान में जीत के सिलसिले को बनाये रखा रहे। पंजाब ने अभी तक अपने सभी मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसका लक्ष्य ये मैच जीतकर प्लेऑफ में सबसे पहले जगह बनाना रहेगा। वहीं राजस्थान रॉयल्स चौथे स्थान पर हैं और उसके पास भी वैभव सूर्यवंशी , यशस्वी जायस्वाल जैसे खिलाड़ी हैं। ऐसे में कप्तान रियान पराग की रॉयल्स को कमजोर नहीं माना जा सकता है।

इस मैच में रॉयल्स को जीतना है तो उसके सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। रिकी पोंटिंग के मुख्य कोच का पद संभालने और अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स काफी बेहतर हुई है। वह पिछले सत्र में उपविकेजा रही थी और इस बार उसका लक्ष्य खिताब जीतना रहेगा। इस सत्र में पंजाब शुरु से ही हावी है। श्रेयस ने अच्छी कप्तानी की है पर उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है। उसने इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रन के लक्ष्य भी हासिल कर अपने मजबूत इरादे दिखाये थे।

पंजाब किंग्स की ओर से प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने भी अच्छी बल्लेबाजी कर पावर प्ले में जमकर रन बनाये हैं। वहीं रॉयल्स ने टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की थी पर पहले चार मैच जीतने के बाद से टीम उस निरंतरता को बनाये नहीं रखा पायी। उसने अब तक जो आठ मैच खेलें हैं उनमें कप्तान रियान पराग का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है जिससे उसके मध्य क्रम पर दबाव बन रहा है। टीम

पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पाया था था। उसकी फील्डिंग काफी खराब रही और सनराइजर्स ने 239 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया जिससे भी उसपर दबाव रहेगा। ऐसे में उसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो के बीच 30 मुकाबले हुए हैं जिसमें से रॉयल्स ने 17 जबकि पंजाब ने 13 जीते हैं। इस प्रकार आंकड़ों में पंजाब भारी है।

टीम इस प्रकार है

पंजाब किंग्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, पाइला अविनाश और विष्णु विनोद.

राजस्थान रॉयल्स: रियान पराग (कप्तान),शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, वैभव सूर्यवंशी, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जड़ेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, संदीप शर्मा, युद्धवीर सिंह चरक, रवि बिश्नोई, अमन राव पेराला, एडम मिल्ने, कुलदीप सेन, दासुन शनाका, सुशांत मिश्रा, विग्नेश मिश्रा पुथुर, रवि सिंह और ब्रिजेश शर्मा.

भारत ने ऑस्ट्रेलिया का किया सूपड़ा साफ, थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

होर्सेंस (डेनमार्क) (एजेंसी)। भारतीय पुरुष टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां ग्रुप ए के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से करारी शिकस्त देकर थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत और चीन इस ग्रुप में शीर्ष पर हैं। 2022 के चैंपियन भारत ने कनाडा पर 4-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी।

चीन ने अपने पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-0 से हराया था। उसने सोमवार को कनाडा को 4-1 से पराजित किया। भारत और चीन अब बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे, जिससे ग्रुप में शीर्ष स्थान का फैसला होगा। पेरिस ओलंपियन और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन लक्ष्य सेन ने एफ्रेम स्टीफन सैम पर 21-14, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई।

US ओपन चैंपियन और हाल में बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में उपविजेता रहे आयुष शेट्टी ने श्रेय ढांड को 21-8, 21-6 से आसानी से हराकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल जोड़ी ने रिजकी हिदायत और जैक यू को 21-14, 21-16 से हराकर स्कोर 3-0 कर दिया।

इससे भारत की क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित हो गई। विश्व चैंपियनशिप 2023 और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने आधे घंटे से भी कम समय में ऋषि होंडा भूपति पर 21-11, 21-17 से जीत हासिल की। हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन ने दूसरे युगल मुकाबले में एंडिका रामाडियांस्या और एफ्रैम स्टीफ़न सैम को 21-12, 21-10 से हराया जिससे भारत इस मुकाबले में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा।

आईपीएल में ऑरेंज कैप की सूची में अभिषेक, पर्पल कैप की सूची में अंशुल शीर्ष पर

मुम्बई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 सत्र के करीब आधे मुकाबले हो गये हैं। इसके बाद सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 380 रनों के साथ ही शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 330 रन बनकार पांचवे नंबर पर पहुंच गये हैं। दूसरी ओर सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के अंशुल कंबोज शीर्ष पर बने हुए हैं। ऑरेंज और पर्पल कैप की सूची में हर मैच के साथ बदलाव आ रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ऑरेंज कैप की सूची में शीर्ष पाँच से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह शुभमन 330 रन बनाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गये हैं। शीर्ष पाँच में अन्य बल्लेबाजों में केएल राहुल और वैभव सूर्यवंशी दोनों 357 रनों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं, जबकि हेनरिक क्लासेन 349 रनों के

साथ चौथे स्थान पर काबिज हैं। इससे साफ है कि ऑरेंज कैप की दौड़ में कड़ा मुकाबला जारी है। दूसरी ओर गेंदबाजों के लिए पर्पल कैप की टक्कर और भी रोमांचक हो गई है। सीएसके के तेज गेंदबाज अंशुल बेहतरीन प्रदर्शन के साथ ही इस दौड़ में नंबर एक पर बने हुए हैं। उन्होंने 14 विकेट लेकर सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान मलिंगा 14 को पीछे छोड़ दिया है, हालांकि दोनों गेंदबाजों के विकेटों की संख्या समान है। मुम्बई इंडियंस के जोफ्रा आर्चर 13 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के युवा गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी 13 लेकर शीर्ष पाँच में प्रवेश कर लिय है, वह चौथे नंबर पर हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के अनुभवी कगिसो रबाडा 13 विकेट लेकर पांचवें स्थान पर हैं।

प्लेऑफ के लिए पंजाब सहित ये चार टीमें प्रबल दावेदार बनकर उभरीं

सीएसके, मुम्बई सहित अन्य टीमों का बाहर होना तय

मुम्बई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र के करीब आधे मुकाबले हो गये हैं। अभी तक कुल 70 मैचों में से 36 मुकाबले पूरे हो गये हैं। इससे बाद प्लेऑफ के लिए अब टीमों के बीच मुकाबला और कड़ा हो गया है। पंजाब किंग्स की टीम इस सत्र में सबसे अधिक अंक लेकर शीर्ष पर चल रही है। पंजाब ने अभी तक खेले गए 7 मैचों में से 6 में जीत दर्ज की है, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उनका एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। इस प्रकार कुल 13 अंकों के साथ, पंजाब अंक तालिका में शीर्ष पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए नंबर एक पर है। अगले दो से तीन मैचों में ही उसे नॉकआउट दौर का टिकट मिलना तय है।

वहीं पंजाब के अलावा, अंक तालिक में शी-4 में शामिल गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स

हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स भी शामिल हैं। राजस्थान और हैदराबाद ने 8-8 मुकाबले खेल लिए हैं, जबकि बेंगलुरु ने अभी तक 7 मैच खेले हैं। इन तीनों टीमों के भी 10-10 अंक हैं, जिससे ये प्लेऑफ की दौड़ में बचे हुए तीन स्थानो के लिए सबसे बड़े दावेदार के तौर पर उभरे हैं। इनका जबरदस्ता प्रदर्शन इन्हें इसके योग्य बनाता है।

वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के लिए प्लेऑफ की में पहुंचना कठिन है। इन तीनों ही टीमों के 7-7 मैचों के बाद 6-6 अंक हैं। जबकि प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कम से कम 16 अंकों की जरुरत होती है। ऐसे में चेन्नई, दिल्ली और गुजरात को प्लेऑफ के लिए अपने बचे हुए 7 में से कम से कम 5 मैच जीतने होंगे, जो अभी संभव नजर नहीं आ रहा है।

इकसे अलावा मुंबई इंडियंस, लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की बात करें तो ये टीमें आईपीएल से बाहर होने की दहलीज पर पहुंच गयी हैं। मुंबई और लखनऊ ने अब तक 7-7 मैच खेले हैं और इनके केवल 4-4 अंक हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रदर्शन और भी निराशाजनक रहा है, जिसने इतने ही मैचों में केवल एक जीत दर्ज की है। इन तीनों टीमों की वापसी अब संभवन नजर नहीं आती।

रहाणे ने जीत का श्रेय रिंकू की पारी को दिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) कप्तान आजिंग्य रहाणे ने सुपर ओवर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत पर खुशी जतायी है। रहाणे ने इस जीत का श्रेय रिंकू सिंह की धमाकेदार बल्लेबाजी को दिया है। रहाणे ने कहा कि रिंकू की पारी ने मैच बदल दिया। उसके कारण ही उनकी टीम एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंची। रिंकू ने इस मैच में एक ही ओवर में चार छक्के लगाकर 83 रनों की पारी खेली। इससे अंक तालिका में केकेआर पहली बार एक स्थान ऊपर आयी है। मैच के बाद जब रहाणे ने कहा कि रिंकू की पारी से अंतर आया। रहाणे ने कहा कि रिंकू ने जिस प्रकार से 16 ओवर के बाद बल्लेबाजी की है उससे मैं बेहद खुश हूं।उसकी पारी ने सब बदल दिया। जिस प्रकार उसने अंतिम ओवर में रन बटोरे उससे ही हम मैच में वापस आये। वहीं पिच की सराहना करते हुए रहाणे ने कहा, हमने यहां मुश्ताक अली खेला था और जिस पिच पर हमने खेला वह मुश्ताक अली जैसी ही थी। इसलिए हमने सोचा कि जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो इस विकेट पर 160, 170 बहुत अच्छा लक्ष्य होगा, लेकिन हमारी टीम पावर प्ले में रन नहीं बनाने के कारण पिछड़ गयी। उन्होंने कहा कि हमारे गेंदाबाजों ने काफी अच्छी गेंदबाजी की।

वैभव जैसी प्रतिभा एक पीढ़ी में एक बार ही किसी को मिलती है : कैफ

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने राजस्थान रॉयल्सके युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके जैसी प्रतिभा एक पीढ़ी में एक बार ही किसी खिलाड़ी में मिलती है। कैफ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वैभव की विस्फोटक पारी को देखते हुए ये बात कही है। वैभव ने इस मैच में केवल 37 गेंदों में ही 103 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। जिसमें 12 छक्के और पांच चौके शामिल थे। कैफ ने इसी पारी को देखते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में, वैभव आईपीएल में शीर्ष गेंदबाजों पर भी आसानी से बड़े शॉट लगा रहे हैं। उन्होंने वैभव के निडर होकर खेलने के तरीके को विशेष रुप से पसंद किया है। साथ ही कहा कि इस

बल्लेबाज ने जिस प्रकार से प्रफुल हिंगे पर लगातार चार छक्के लगाये। वह भी साबित करता है कि वैभव दबाव में नहीं आते जबकि पिछले मैच में हिंगे ने पहली ही गेंद पर उन्हे आउट कर दिया था। कैफ के अनुसार जिस प्रकार से वैभव ने पैट कमिंस जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज को निशाना बनाया है वह भी बड़ी बात है। इससे पहले के मुकाबालों में उन्होंने जसप्रीत बुमराह और जोफा आर्चर की भी पिटाई की थी। कैफ का मानन है कि वैभव एक निडर क्रिकेटर हैं जो आईपीएल में ऐसे खेल रहे हैं, जैसे वह किसी गली क्रिकेट में खेल रहे हों। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने सूर्यवंशी के मानसिक रवैये को भी सराहा। उन्होंने कहा, दो सत्र में दो शतक और दोनों ही 250 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से उनकी मानसिक मजबूती को दिखता है।उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि गेंदबाज कौन है या मैच की स्थिति क्या है। वह बस लगातार आक्रमण करते रहते हैं। कैफ ने कहा , वह एक ऐसे अनुभवी खिलाड़ी की तरह बल्लेबाजी करता है, जैसे की उसने एक दशक तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला हो। गेंद की लेंथ को जल्दी पहचानने की उसकी योग्यता, क्रीज पर उसका संतुलन और उसकी जबरदस्त ताकत ये सभी विश्व-स्तर के हैं। इसके अलावा, 15 साल की उम्र में दिमाग शांत बने रहना उसका एक दुर्लभ गुण हैया। वह इसी प्रकार खेलता रहे तो भारतीय क्रिकेट को दो शतक के लिए एक बेहतरीन बल्लेबाज मिल जाएगा।

ईशान बोले टीम से बाहर होने पर हिम्मत नहीं हारी , वापसी के लिए प्रयास किया

मुम्बई (एजेंसी)। आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा है कि जब उन्हें साल 2024 में राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया था। तब भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी थी और वह लगातार अभ्यास करते रहे। ऐसे में टीम से करीब दो साल तक बाहर रहने के बाद भी वह वापसी में सफल रहे। ईशान के अनुसार टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने हताश होने की जगह पर अपने खेल को बेहतर बनाने और निरंतरता हासिल करने पर ध्यान दिया। इसी प्रतिबद्धता के बल पर उन्होंने इस साल न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह मिली।

किशन ने अपनी वापसी का श्रेय घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन को दिया, जहां उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 500 से अधिक रन बनाए और अपनी कप्तानी में झारखंड को प्रतियोगिता का खिताब भी जिताया। उन्होंने कहा, जब मैं भारतीय टीम से बाहर था, तो मैंने खुद से कहा कि मैं इसको लेकर रोना नहीं रो सकता या उदास नहीं हो सकता। किसी भी खिलाड़ी के लिए ऐसा करना सबसे आसान होता है। इससे शायद कुछ लोगों की सहानुभूति मिल जाए,



शायद आपको अच्छा भी लगे, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने आगे जोर दिया, राष्ट्रीय टीम में वापसी करने का एकमात्र तरीका रन बनाना था। मैं बस अपने खेल में सुधार करना चाहता था और जितना हो सके उतने रन बनाना चाहता था, भले ही इसका मतलब किसी भी अन्य बल्लेबाज से ज्यादा छक्के लगाना हो। किशन ने बताया कि राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के दौरान खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भी बढ़ गई। इसी लगन ने उन्हें घरेलू क्रिकेट में लगातार ढेरों रन बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, लगातार रन बनाने से ही आप टीम में वापसी कर सकते हैं। यदि एक सत्र में 300 रन काफी नहीं हैं तो 400 रन बनाएं। अगर यह भी काफी नहीं है तो 500 रन बनाएं। आखिर क्रिकेट ही हमारी आजीविका का साधन है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी मानसिकता साझा करते हुए कहा, जब आप टीम से बाहर होते हैं तो आपको इसकी अहमियत समझ आती है और आप हर मैच का सम्मान करने लगते हैं। आपके अंदर अच्छा प्रदर्शन करने और जीत हासिल करने की ललक जाग उठती है। मेरा भी यही लक्ष्य था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के अपने अनुभव पर किशन ने कहा कि इससे उन्हें पारी को गति देने और आखिर तक बल्लेबाजी करने का आत्मविश्वास मिला है।

चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप से बाहर हो सकती हैं मीराबाई चानू



नई दिल्ली । भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।' भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है। मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी जिसके बाद अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट है जिसमें मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने अभी तक कोई पदक नहीं जीता है। साथ ही यह 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी होगा। एशियाई चैंपियनशिप मूल रूप से एक से 10 अप्रैल तक होनी थी लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण इसे एक महीने से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। यह संघर्ष अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों से शुरू हुआ था। यह पहली बार होगा जब भारत सीनियर महाद्वीपीय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

बीसीसीआई ने आचारसंहित उल्लंघन के लिए केकेआर के अंगक्रिश पर जुर्माना लगाया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आचार संहिता उल्लंघन के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के उभरते हुए बल्लेबाज अंगक्रिश रघुवंशी पर जुर्माना लगाया है। अंगक्रिश पर ये जुर्माना केकेआर को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली जीत के बाद लगाया गया। बोर्ड की आईपीएल गवर्निंग बॉडी ने इस बल्लेबाज पर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही, उन्हें लीग उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी जोड़ा गया है। इस बल्लेबाज पर ये कार्रवाई उसकी उग्र प्रतिक्रिया को देखते हुए की गयी है। बीसीसीआई की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि अंगक्रिश को आईपीएल आचार संहिता के तहत लेवल 1 अपराध का दोषी पाया गया है। यह क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदान उपकरण आदि के दुरुपयोग से संबंधित है। अंगक्रिश ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद मैच रेफरी का फैसला अंतिम माना गया। गौरतब है कि यह मामला तब का है जब तीसरे अंपायर के आउट दिए जाने के बाद अंगक्रिश ने आपा खो दिया और पवेलियन लौटते समय बल्ले से बाउंड्री कुशन पर मारा और अपना हेलमेट भी जमीन पर फेंक दिया। उनकी यह प्रतिक्रिया खेल भावना के विपरीत मानी गई और इसी के चलते उन पर यह जुर्माना लगाया गया है। गौरतलब है कि ये यह पूरा विवाद केकेआर की पारी के पांचवें ओवर का है। तब इस बल्लेबाज ने प्रिंस यादव की गेंद पर शॉट खेला और तेजी से एक रन लेने के लिए दौड़े।

'उसे लैब में टेस्ट करवाओ', वैभव सूर्यवंशी की तारीफ में बोले पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट नियाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। 15 साल के बच्चे के लिए क्रिकेट बॉल को उस तरह से मारना आम बात नहीं है जिस तरह से वैभव सूर्यवंशी मार रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 सीजन की शुरुआत से ही सूर्यवंशी इस टूर्नामेंट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक बनकर उभरे हैं। वह रन बनाने वालों की लिस्ट में टॉप पर पहुंचने की कोशिश भी कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि सीजन के आखिर में ऑरेंज कैप उनकी होगी। पाकिस्तान के एक शो में क्रिकेट एक्सपर्ट नौमान नियाज ने मजाक में कहा कि राजस्थान रॉयल्स के इस ओपनिंग बल्लेबाज के अंदर एक AI चिप लगी हुई है क्योंकि वह जिस आसानी से छक्के मार रहे हैं, उसे देखते हुए ऐसा ही लगता है, जबकि वह अभी टीनएजर ही हैं।

नियाज ने एक वीडियो में कहा, 'यह लड़का

है क्या बला ! जैसे WADA डोपिंग टेस्ट करता है, वैसे ही इसे भी किसी लैब में भेजना चाहिए, शायद इसके अंदर कोई AI चिप लगी हुई है। यह बिल्कुल ही अविश्वसनीय है, यार। मेरा मतलब है, मुझे इससे बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। क्या जबरदस्त खिलाड़ी है यह।' नियाज ने हंसते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि उसने (SRH के खिलाफ) थोड़ा धीमा खेला, उसका स्ट्राइक-रेट 300 होना चाहिए था।'

उन्होंने कहा, 'ठीक है तो मेडिकल तौर पर, जब आप 18 साल के होते हैं, तो आपका पूरा शरीर आकार लेना शुरू करता है। आपके कंधे गोल हो जाते हैं, मांसपेशियां बनती हैं, ट्राइसेप्स, बाइसेप्स और आपका कोर मजबूत होता है, क्योंकि उस समय आपके शरीर में हॉर्मोन और टेस्टोस्टेरोन का स्तर अपने चरम पर होता है।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आने वाले सालों में सूर्यवंशी का विकास और कितना ज्यादा हो सकता है।

पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट ने सूर्यवंशी की उन खूबियों के बारे में भी बात की, जो उन्हें बाकी सबसे अलग बनाती हैं। नियाज ने कहा, 'वह 16 साल का है। जब वह पैदा हुआ था, तब विराट कोहली पहले से ही वर्ल्ड चैंपियन बन चुके थे। वह पहले ही जीत चुके थे। अब आप उसमें क्या देखते हैं? मैंने यह पता लगाने की कोशिश की कि यह फर्क क्यों है। ठीक है, उसके पास बहुत ज़्यादा तकनीक नहीं है। यह उसकी ताकत नहीं, बल्कि उसकी तकनीक है (जो उसे इस तरह खेलने में मदद करती है)। खेलते समय उसकी कलाई का इस्तेमाल और उसका आर्क, ये दोनों ही बड़े फैक्टर हैं।''

सूर्यवंशी IPL 2026 सीज़न में सबसे ज़्यादा रन बनाने वालों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने 8 मैचों में कुल 357 रन बनाए हैं। इस सीजन में वह अब तक एक शतक और तीन अर्धशतक बना चुके हैं और उसका स्ट्राइक रेट 234 से भी ज्यादा है।

चार मई के बाद पश्चिम बंगाल में तेजी से शुरू होंगे रोजगार से जुड़े पांच काम : नरेंद्र मोदी

एजेंसी

बैरकपुर : पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एक बड़ा वादा किया। सोमवार को बैरकपुर में रोड शो के बाद चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, चार मई के बाद पश्चिम बंगाल में रोजगार से जुड़े पांच काम तेजी से शुरू होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा, सबसे पहले, बंगाल में सरकारी भर्ती की घोषणा समय पर और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाएगी और युवाओं को नौकरी मेले में नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। दूसरा, सभी रिक्त पदों को जल्द ही भरा जाएगा। सरकारी कर्मचारी तृणमूल के डर से मुक्त होंगे। सरकारी कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग का पूरा लाभ मिलेगा। तीसरा, रचनात्मक अर्थव्यवस्था पनपेगी। बंगाल के स्कूलों और कॉलेजों में सामग्री निमार्ता प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। चौथा, गांवों में 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। भाजपा सरकार वीबी-जी रामजी अधिनियम लागू करेगी, जिससे गांवों में रोजगार मिलेगा। इसके अलावा यहां पीएम विश्वकर्मा योजना और पीएम संपदा योजना को पूरी तरह से लागू किया जाएगा।

पांचवां-शहर के रेहड़ी-पटरी वालों को पीएम स्वनिधि योजना का पूरा लाभ मिलेगा और बैंक से मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले कुछ महीनों में बैरकपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग एक दर्जन जूट मिलें बंद हो गई हैं। एक ओर रोजगार पैदा करने वाले कारखाने बंद हो रहे हैं तो दूसरी ओर बम कारखाने फल-फूल रहे हैं और गुंडों का उपयोग करके जमीनी सिंडिकेट का विस्तार हो रहा है। यह तृणमूल का महान जंगल राज है!

मोदी ने कहा कि इस चुनाव में एक बात ने मुझे बहुत चिंतित किया है कि टीएमसी नेताओं ने 'मां, माटी, मानुष' का नाम भी नहीं लिया है। इसी नारे पर बंगाल में तृणमूल ने सरकार बनाई थी, लेकिन अब ऐसा लगता है कि वह इसे भूल गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 15 साल से लोगों ने तृणमूल कांग्रेस को अवसर दिया हैं, लेकिन उन्होंने 'मां' के लिए, महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने 'मिट्टी' या किसानों के लिए कुछ नहीं किया है। इसी तरह, उन्होंने युवाओं की उपेक्षा की है। उनकी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने में तृणमूल सरकार पूरी तरह विफल रही है।

अब मुझे भाजपा के शपथ ग्रहण में आना है : मोदी

बैरकपुर : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बैरकपुर की ऐतिहासिक धरती जिसने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरणा दी थी, अब बंगाल में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में विजय संकल्प सभा को सबोधित करते हुए राज्य में बड़े बदलाव का दावा किया। उन्होंने कहा, बंगाल की सेवा करना, उसे सुरक्षित करना और बड़ी चुनौतियों से बचाना मेरे लिए भाग्य भी है और दायित्व भी और मैं इससे पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने रैली को इस चुनाव की अपनी अंतिम सभा बताते हुए कहा कि वे पूरे विश्वास के साथ लौट रहे हैं कि 4 मई के बाद उन्हें भाजपा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए फिर आना होगा। उन्होंने हेलिपैड से सभा स्थल तक उमड़ी भारी भीड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि सुबह-सुबह हजारों लोग उन्हें आशीर्वाद देने पहुंचे। अपने रोड शो को तीर्थ यात्रा जैसा अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा कि तय स्थान के बाद भी लोग दूर तक कतार में खड़े रहते थे और वे बार-बार उनके बीच जाने को प्रेरित होते थे। मोदी ने अरामबाग की एक महिला का जिक्र करते हुए खेद जताया कि वे उससे मिल नहीं सके और कहा कि वे भविष्य में अवश्य मिलेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दशकों से वे देशभर में लगातार यात्रा कर रहे हैं और जनता ही उनका परिवार है।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत दिल्लीवासी करेंगे सोमनाथ यात्रा

नयी दिल्ली : दिल्ली सरकार ने दिल्ली के लोगों के लिए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, सोमनाथ यात्रा कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत 30 अप्रैल को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से सोमनाथ धाम के लिए करीब 1300 श्रद्धालु रवाना होंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में पत्रकारों को बताया कि राज्य सरकार यहां के निवासियों के लिए सोमनाथ स्वाभिमान पर्व, सोमनाथ यात्रा का आयोजन कर रही है। यह पावन पहल सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 1000 वर्षों की अखंड आस्था को समर्पित है। यह यात्रा केवल दर्शन की यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, भारतीय परंपरा और अपनी आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ने का पावन अवसर है। सोमनाथ की कृपा से सनातन मूल्यों का प्रकाश बढ़े, संस्कृति समृद्ध हो तथा जनसेवा का भाव सुदृढ़ हो, यही हमारी प्रार्थना और प्रतिबद्धता है। उन्होंने बताया कि सफदरजंग रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेन अगले दिन प्रातः सोमनाथ पहुंचेगी।

सीएम धामी ने हेमा मालिनी से की मुलाकात तोहफे में दिए 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पाद

एजेंसी

नयी दिल्ली : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभिनेत्री व मथुरा से लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी से मुलाकात की। इसकी तस्वीरें सीएम धामी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट कीं, जिसमें वह एक गिफ्ट बैग लिए हुए हेमा मालिनी को सौंपते दिख रहे हैं। वहीं हेमा भी उसे सम्मानपूर्वक स्वीकार करती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पर हल्की मुस्कान है। यह मुलाकात नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास में हुई। इस तस्वीर को एक्स प्लेटफॉर्म पर शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, "नई दिल्ली के उत्तराखंड निवास में अभिनेत्री व मथुरा से माननीय लोकसभा सांसद हेमा मालिनी जी से भेंट हुई। इस अवसर पर उन्हें उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों के अम्ब्रेला ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के उत्पाद उपहार स्वरूप भेंट किए।" हेमा मालिनी के राजनीतिक सफर की करें, तो उन्होंने फिल्मों से लेकर राजनीति तक एक लंबा सफर तय किया है। हेमा मालिनी भारतीय सिनेमा की उन चुनिंदा अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने दशकों तक पर्दे पर राज किया और फिर राजनीति में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई। वे बीते लगभग दो दशकों से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी हुई हैं और लगातार राजनीति में सक्रिय हैं। हेमा मालिनी ने साल 2003 में राज्यसभा से अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की थी।

सैमसंग फाइनेंस+ ऑफर्स : भारत के 8000+ स्टोर्स पर मात्र 33 रुपये प्रति दिन में खरीदें बीस्पोक एआई अप्लायंसेज

नयी दिल्ली : सैमसंग इंडिया अपने स्मार्ट होम अप्लायंसेज को देश भर के ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए सैमसंग फाइनेंस+ के तहत नई योजनाएं लेकर आया है। अब उपभोक्ता सैमसंग के रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एसी और माइक्रोवेव जैसे उपकरण खरीदने के लिए आसान फाइनेंसिंग समाधानों का लाभ उठा सकते हैं। यह सेवा देश भर के 8,000 से अधिक स्टोर्स पर उपलब्ध है। सैमसंग फाइनेंस+ का 'ईजी ईएमआई फॉर ऑल' विकल्प खरीदारी की प्रक्रिया को आसान बनाता है। ग्राहक पूरी तरह से डिजिटल और बिना कागजी झंझट वाली इस प्रक्रिया से मात्र पांच मिनट में फाइनेंस अप्रूवल पा सकते हैं। ईएमआई के विकल्प मात्र 33 रुपये प्रति दिन से शुरू होते हैं। यह समाधान पहली बार लोन लेने वाले उन लोगों के लिए भी बिल्कुल उपयुक्त है जिनका कोई क्रेडिट इतिहास नहीं है। इस लॉन्च का जश्न मनाने के लिए, कंपनी सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से की गई खरीदारी पर 1,000 रुपये का सीमित समय के लिए विशेष कैशबैक भी दे रही है।

सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज विभाग के उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट) घुफरान आलम ने कहा, सैमसंग में, हम सार्थक डिजिटल नवाचार के माध्यम से अपने उत्पादों की सुलभता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसंग फाइनेंस+ का उद्देश्य ग्राहकों को बिना किसी वित्तीय बोझ के नवीनतम तकनीक अपनाने में सक्षम बनाना है। हमारे नए ऑफर्स के साथ, हम भारतीय परिवारों के लिए नवाचार को अपनाना और अपने घरों को अपग्रेड करना पहले से कहीं अधिक आसान बना रहे हैं।

सैमसंग इंडिया ने ग्राहकों को केंद्र में रखकर समाधान पेश करना और नवाचार करना जारी रखा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अत्याधुनिक तकनीक सभी के लिए सुलभ हो। सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से, कंपनी अपने ग्राहकों के लिए किफायती और परेशानी मुक्त फाइनेंसिंग विकल्प प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। ग्राहक अपने आधार और पैन कार्ड के साथ नजदीकी स्टोर पर जाकर फाइनेंस समाधानों का लाभ उठा सकते हैं।

सैमसंग की बीस्पोक एआई अप्लायंसेज रेंज आधुनिक भारतीय घरों के लिए व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार ढली, ऊर्जा-कुशल और सुरक्षित स्मार्ट होम समाधान पेश करती है। एआई होम स्क्रीन इंटरफेस, सहज संचार वाले बिक्सबी वॉइस असिस्टेंट, सैमसंग नॉक्स सुरक्षा और स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी से लैस यह रेंज घर में आसानी से शामिल होती है और उपयोगकर्ता को बेहतर अनुभव प्रदान करती है।

सैमसंग के डिजिटल अप्लायंसेज की विस्तृत श्रृंखला के बारे में अधिक जानकारी के लिए नजदीकी स्टोर पर जाएं या सैमसंग की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

एक नजर

छत्तीसगढ़ में जमीन कारोबारी गोपाल गांधी के ठिकानों पर ईडी का छापा

रायपुर : छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना से जुड़े कथित जमीन मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए जमीन कारोबारी गोपाल गांधी और उनके सहयोगियों के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ईडी के करीब 13 अधिकारियों की टीम अहले सुबह रायपुर के अभनपुर स्थित गोपाल गांधी के निवास और कार्यालय पहुंची और छापेमारी शुरू की। ईडी की टीम यहां दस्तावेजों के साथ-साथ डिजिटल साक्ष्यों की गहन जांच कर रही है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में हुए जमीन मुआवजा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में बड़े खुलासे हुए हैं। रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान करीब 500 करोड़ रुपये से अधिक की धांधली का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की जांच में पता चला है कि कृषि भूमि को बैकडेट में गैर-कृषि भूमि में बदलकर उसका मुआवजा कई गुना बढ़ाकर दिखाया गया। यह खेल राजस्व विभाग के अधिकारियों (एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी) ने जमीन दलालों के मिलीभगत कर किया।

एलपीजी और खाद पर्याप्त, नाविक सुरक्षित, खाड़ी देशों से संपर्क मजबूत: केंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली : पश्चिम एशिया में जारी ईरान-अमेरिका और इजराइल युद्ध के बीच भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा, विदेश नीति और खाद उपलब्धता पर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले तेल और गैस की आपूर्ति में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसके बावजूद देश में एलपीजी और उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। खाड़ी देशों के साथ संपर्क बढ़ाया जा रहा है और किसी भी तरह की कमी या संकट की आशंका नहीं है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में रोजाना होने वाली अंतर्मंत्रालयी पत्रकार वार्ता में बताया कि वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन 70 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। अप्रैल माह में अबतक 1.65 लाख टन से अधिक वाणिज्यिक एलपीजी की बिक्री हो चुकी है। अब तक 93 प्रतिशत सिलेंडर डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से की जा रही है। कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग देखी जा रही है, लेकिन एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति है और किसी भी वितरक पर कमी नहीं है। केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मंदीप सिंह रंधावा ने कहा कि 25 अप्रैल को ओमान के शिनास पोर्ट पर टोगो-ध्वज वाले रासायनिक टैंकर एमटी सिरोन पर कुछ लोग चढ़ गए थे। ईरानी कोस्ट गार्ड ने हस्तक्षेप कर चेतावनी दी। सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और किसी भी भारतीय जहाज पर असर नहीं पड़ा है।डीजी शिपिंग कंट्रोल रूम ने पिछले 24 घंटे में 7,780 कॉल और 16,650 ईमेल संभाले हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भारत ने खाड़ी देशों के साथ संपर्क बढ़ाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने 25-26 अप्रैल को यूएई का दौरा किया और राष्ट्रपति से मुलाकात कर प्रधानमंत्री के शुभकामनाएं दीं। दोनों पक्षों ने भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने पर चर्चा की। यह एक महीने में भारत से यूएई की दूसरी उच्च स्तरीय यात्रा है। इससे पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 11-12 अप्रैल को यूएई का दौरा किया था। उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा शर्मा ने कहा कि देश में खाद की उपलब्धता आवश्यकता से कहीं अधिक है। 1 अप्रैल से 26 अप्रैल तक यूरिया की उपलब्धता 71.58 लाख मीट्रिक टन रही, जबकि आवश्यकता 18.17 लाख मीट्रिक टन थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**